tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज — हिन्दुस्तान पत्रिका — HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, गुरूवार 25 अप्रैल, 2024 | » वर्षः 2 » अंकः 180 » पृष्ठः 8 » मूल्यः 2.00 रू.

## पूर्व सीएम अशोक गहलोत का रोड शो, हाथ जोड़ मांगा समर्थन



**जालोर**

लोकसभा चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में जालोर में रोड शो किया। रोड शो राजेन्द्र नगर के राजपुरोहित छात्रावास से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंचा। जगह-जगह फूल मालाओं से जनता ने गहलोत का स्वागत किया। गहलोत ने अपने बेटे वैभव के लिए हाथ जोड़ कर समर्थन मांगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी व शहरवासी मौजूद रहे। लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव प्रचार-प्रसार का आज अन्तिम दिन हैं। शाम 6 बजे के साथ ही चुनाव प्रचार थम जाएगा। में हर पार्टी और प्रत्याशी ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन बुधवार सुबह 10 बजे अशोक गहलोत हेलिकॉप्टर से जालोर स्टेडियम पहुंचे। इसके बाद कार से करीब 11.30 बजे शहर के राजेन्द्र में स्थित राजपुरोहित छात्रावास पहुंचे। यहां से रोड शो शुरू हुआ। अस्पताल चौराह, तिलक द्वारा व सरदार पटेल मार्ग से होते रोड शो गांधी चौक पहुंचा, जहां गहलोत ने महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित किए और रवाना हो गए। जालोर में चुनाव प्रसार के अन्तिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का रोड शो किया गया। लेकिन वैभव गहलोत रोड शो में शामिल नहीं हुए। इस दौरान अशोक गहलोत के तरक्की एक्सप्रेस रथ पर जालोर विधानसभा प्रत्याशी रमिला मेघवाल, आहोर विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल,कांग्रेस के युवा नेता लक्ष्मणसिंह सांखला, जालोर प्रतिपक्ष नेता बसन्त सुथार, माली समाज छात्रावास के अध्यक्ष तेजाराम सोलंकी मौजूद रहे। तथा रोड़ शो में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता व शहरवासी मौजूद रहे।

## गजेंद्र सिंह शेखावत नेप्रचार के अंतिम समय झोंकी ताकत

**जोधपुर** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को होगा। प्रचार का आखिरी दिन आज है। जोधपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार गजेंद्र सिंह शेखावत ने सुबह से ही प्रचार शुरु कर दिया है। आखरी समय में शेखावत ने पूरी ताकत झोंक दी उन्होंने सुबह शेरगढ में प्रचार किया तो वही 3 बजे के बाद भीतरी शहर में रोड शो। शेखावत ने प्रचार के आखिरी दिन दोपहर दो बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की इस दौरान शेखावत से इस बार के चुनाव में फाइट टफ मान रहे है इस सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि फाइट पिछली बार टफ थी जब हमारी सरकार चली गई थी और उस समय के मुखिया के बेटे से फाइट थी। इस बार हमारी सरकार है ऐसे में माहौल अनुकूल है। शेखावत ने 3 बजे के बाद भीतरी शहर में रोड शो किया।

# सियासी संकट में अशोक गहलोत ने कराई फोन टैपिंग, उन्होंने मुझे पेन ड्राइव दी, उसमें ऑडियो थाः लोकेश शर्मा

**जयपुर**

राजस्थान में पिछली कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश के कथित षड्यंत्र वाले फोन टैपिंग मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। फोन टैपिंग मामले में कानूनी कार्यवाही में फंसे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने बड़ा धमका किया है। शर्मा ने बुधवार जो जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फोन टेप वाली पेन ड्राइव कहां आई? इस सवाल का जवाब देते हुए एक-एक कर कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने कहा कि कॉल रिकॉर्डिंग वाली पेन ड्राइव उन्हें खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दी थी। शर्मा के इन बयानों के बाद इस केस में नया मोड़ आया है।



### गहलोत की स्क्रीप्ट में क्या था? मुकदमा दर्ज कब हुआ

लोकश शर्मा ने आगे बताया कि, 'मैंने आप सबको भेजे इस पेपर में कथित रूप से गजेंद्र सिंह रावत जो तत्कालीन केंद्रीय मंत्री थे, हमारे विधायक भंवरलाल शर्मा और एक संजय जैन, इन तीनों की बातचीत का हवाला दिया गया। इस पेन ड्राइव में वह सारी जानकारी थी। पेपर देकर मुझे कहा तुरंत जाइए और मीडिया को यह ऑडियो क्लिप सर्कुलेट कर दीजिए, क्योंकि पेन ड्राइव उसे सीधे सर्कुलेट नहीं किया जा सकता था। तो मैं इसे लेकर घर आया और मैं अपने इस लैपटॉप में ट्रांसफर किया। लैपटॉप से मैंने ऑडियो क्लिप से अपने मोबाइल में लिया उसे फोन के जरिए सभी मीडिया साथियों को फॉरवर्ड किया। यह वीडियो ऑडियो क्लिप मुझे सोशल मीडिया के जरिए नहीं मिली। पेन ड्राइव के जरिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुझे दी थी। उन्होंने मुझे कहा और वह काम मैंने किया।

### पायलट के साथ मिलकर सरकार गिराना चाहते थे...

पेन ड्राइव वाली जानकारी में गजेंद्र सिंह शेखावत को शामिल किया गया या आरोप लगाया गया कि भाजपा के लोग सचिन पायलट से मिलकर सरकार से गिरना चाहते हैं। ऐसी मंशा थी कि इस पूरे खेल के पीछे भारतीय जनता पार्टी है, जबकि वास्तविकता यह नहीं है। हम सभी ने सुना कि हमारे नौजवान नेता तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट जी ने यह कहा कि हम लोगों की सुनवाई नहीं हो रही थी। हम अपनी बात कहना चाहते थे, इसलिए हम सब लोग एकत्रित होकर अपनी बात को रखखाने के लिए वह तरीका हमें उचित लगा। जैसे ही मुख्यमंत्री गहलोत को पता लगा तो यह सारा का सारा षड्यंत्र रचा गया, जो लोग उनके साथ गए थे, उन सभी के फोन श्री विलास पर थे, सभी को ट्रैक किया जा रहा था। सचिन पायलट सहित सबकी ट्रैकिंग की जा रही थी। तो पता लगा कि कौन कहां किस तरह का मूवमेंट कर रहा है। आपको यह धोखा तीन विधायकों से डील करके, उन विधायकों से मुख्यमंत्री निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कराई गई। वह भी मैंने ही मैनेज की थी। उन तीन विधायकों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त की साजिश वाली बातचीत

लोकेश शर्मा ने कहा कि 'वास्तविकता यह है कि 16 जुलाई 2020 को शाम को कुछ ऑडियो क्लिप वायरल हुई थीं। मैंने अपने मोबाइल नंबर से आप सभी मीडिया के साथी को वह ऑडियो क्लिप भेजी थी। वह ऑडियो क्लिप में विधायकों की खरीद-फरोक्त की साजिश रची जा रही थी। और मुझे जो कहा गया वह मैंने किया। घटना इस तरह से थी, 16 जुलाई 2020 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होटल फेयर माउंट में आए थे क्योंकि उसे क्राइसिस के दौरान जो विधायक बाड़ेबंदी में विधायक रुके हुए थे। सुबह और शाम दोनों समय मुख्यमंत्री वहां आते थे। बातचीत करते थे, वह उनका रूटिंग था।' शर्मा ने बताया, '16 जुलाई 2020 को लगभग 4 बजे वह होटल से निकले उनके जाने के 1 घंटे बाद पीएसओ रामनिवास का मेरे पास कॉल आया कि आप तुरंत मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। मुख्यमंत्री जी आपको बुला रहे हैं। मैं 10 मिनट बाद होटल से निकाला और सीधा सीएम आवास पहुंचा। क्योंकि कूकस काफी दूर है आने में करीब एक से डेढ़ घंटा लगा। उसी दौरान मेरे पास तीन से चार कॉल रामनिवास के आए थे। कहां अभी तक पहुंचे क्यों नहीं। वहां पहुंचा तो मुझे यह कागज और पेन ड्राइव मुझे मुख्यमंत्री जी ने दिया। इस ऑडियो क्लिप में इस पेन ड्राइव में वह तीनों ऑडियो क्लिप थी। उसकी ओर से स्क्रिप्ट लिखी हुआ कागज भी मुझे दिया।' लोकेश शर्मा ने कहा- इस पूरे घटनाक्रम के बाद भी उन्हें शायद लगता था कि मैंने मोबाइल नहीं तोड़ा है। इसलिए 26 नवंबर 2021 में मेरे ऑफिस में एसओजी की रेड डलवाई। उसी आदमी ने जिसके लिए मैंने इतना बड़ा कदम उठाया। जो व्यक्ति मुख्यमंत्री के लिए काम करता है। उसके ऑफिस में एसओजी की रेड हुई। मेरे पूरे ऑफिस को खंगाल लिया। मोबाइल नहीं मिला, उसके बाद तसल्ली हुई। ये हैं हमारे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी और उनकी सच्चाई। वो किस तरह लोगों का इस्तेमाल करते हैं। राजनीतिक फायदे के लिए उपयोग करते हैं, फिर किनारा कर लेते हैं। लोकेश शर्मा ने बताया- जो लोग सचिन पायलट के साथ थे, उनके फोन सर्विलांस पर थे। कुछ लोग इनकी बाड़ेबंदी में भी थे, जिनके फोन सर्विलांस पर थे। फिर जब मुझे क्राइम ब्रांच बुलाया गया तो सोचा गया किस तरह गजेंद्र सिंह पर दबाव बनाया जाए। फिर संजीवनी मामले का राजनीतिक फायदा लेने के लिए कैसे उनकी छवि खराब की जाए। परिवार पर आरोप लगाए जाए। सीएम हाउस पर ये ही षड्यंत्र रचा जाता था। गजेंद्र सिंह और सचिन पायलट को किस तरह से नीचा दिखाया जाए। कैसे जनता के सामने छवि खराब की जाए। इसलिए संजीवनी से जुड़े लोगों को बुलाया जाता था। उनके वीडियो बनाकर लगातार चलाया जाता था।

अगले दिन मुझे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खबरें देखी और उसके बाद में मुकदमा दर्ज हुआ।'

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने छवि खराब करने का लगाया था आरोप

इसके बाद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली पुलिस में परिवाद देकर जनप्रतिनिधियों के फोन टैप करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया था। जिस पर 25 मार्च 2021 को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लोकेश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस एफआईआर के खिलाफ लोकेश शर्मा दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे थे। आज भी उनकी याचिका हाई कोर्ट में लंबित है। इस दौरान करीब आधा दर्जन बार दिल्ली क्राइम ब्रांच लोकेश शर्मा से पूछताछ कर चुकी है। सचिन पायलट कैंप की बगावत के बाद सरकार पर फोन टैपिंग के आरोप लगे थे। गहलोत खेमे ने विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाते हुए कुछ ऑडियो वायरल हुए थे। इसमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर कांग्रेस के तत्कालीन विधायक भंवरलाल शर्मा के साथ गहलोत सरकार को गिराने के लिए सौदेबाजी का आरोप लगाया गया था। इस मुद्दे पर विधानसभा के बजट सत्र में जमकर हंगामा हुआ था। सदन में भी यह मामला उठा था।

## चंद्रयान-3 का उद्देश्य अंतरिक्ष के भी पारः इसरो चीफ

**कोलकाता**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा है कि चंद्रयान-3 का उद्देश्य इंजीनियरिंग और विज्ञान के व्यापक क्षेत्रों में भागीदारी को बढ़ावा देना है। इसरो चेयरमेन ने क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए एक वैज्ञानिक पूल तैयार करने पर जोर दिया। इससे अंतरिक्ष अन्वेषण के साथ साथ अलग अलग औद्योगिक क्षेत्रों को भी बल मिलेगा। इसरो चेयरमैन ने कहा कि चंद्रयान-3 का महत्व इसी बात से पता चलता है कि अंतरिक्ष अनुसंधान के साथ-साथ विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में युवाओं की रूचि बढ़ रही है। अब नई पीढ़ी को अंतरिक्ष क्षेत्र की नई चुनौतियों की तरफ आकर्षित हो रही है। एस. सोमनाथ ने आगे कहा कि हमें युवा पीढ़ी को आकर्षित करने की आवश्यकता है। युवाओं को विज्ञान और इंजीनियरिंग में चुनौतियों के बारे में बताना जरूरी है। चंद्रमा मिशन में सफलता की वजह से युवाओं के भीतर अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। इसरो चीफ ने चंद्रमा मिशन के बारे में बताते हुए कहा कि अब युवाओं की एआई, रोबोटिक्स, फसल बीमा के लिए रिमोट सेंसिंग, दूरसंचार उपकरण विनिर्माण, चिकित्सा तकनीकी उपकरण उत्पादन में रुचि बढ़ने की उम्मीद है। एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रमा मिशन की सफलता से न केवल अंतरिक्ष-संबंधी क्षेत्रों को बल मिला है, बल्कि इंजीनियरिंग, गणित और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के लिए भी रास्ते खोले हैं।

## डंपर से भिड़ी स्कॉर्पियो, परिवार के 5 लोगों की मौत

**डेगाना**

नागौर में डंपर ने स्कॉर्पियो कार को टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। 5 लोग घायल हो गए। घायलों का जयपुर और अजमेर के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर 2 बजे नागौर में डेगाना उपखंड के हरसौर गांव में किसान तिराहे पर हुआ। थांवला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार- स्कॉर्पियो में जोधपुर के भोपालगढ़ में रिजनाली गांव के रहने वाले 10 लोग सवार थे। ड्राइवर के अलावा सभी एक ही परिवार के थे। ये लोग भोपालगढ़ से नागौर के परबतसर स्थित गांव हरनावा में रानाबाई मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, कार में सवार तीन बच्चों, एक महिला और एक युवक की मौत हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों और शवों को कार से बाहर निकाला। घायलों में कार के ड्राइवर और उसके बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति की हालत गंभीर थी, जिन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों को अजमेर के जिला अस्पताल ले जाया गया। मौके पर पहुंचे डेगाना डीएसपी रामेश्वर सहारण ने बताया- सभी शवों को हरसौर सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया

## बीजेपी का हर कार्यकर्ता कैमरे की नजर में, कांग्रेस की कोई गारंटी नहीं, वो जनता को क्या गारंटी देगीः सीएम भजनलाल

**भीलवाड़ा**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि ये लोकसभा चुनाव कार्यकर्ताओं की परीक्षा है, जिसमें सभी को पास होना है। चुनाव में मात्र 36 घंटे शेष है। सभी कार्यकर्ताओं को अपना पूरा समय देना है, अंतिम छोर तक संपर्क कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाना है। बूथ स्तर तक के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कैमरे की नजर में है। पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ता का भी आंकलन होता है और काम नहीं करने वाले कार्यकर्ता का भी। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव के शेष बचे समय में विशेष रणनीति तैयार कर अपने अपने बूथ को बड़े मार्जिन से जीतने के लिए कमर कस लेनी है। सीएम भीलवाड़ा में भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बूथ विजय संकल्प बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ झूठ और लूट की बात करती है। ये भ्रष्टाचार की जननी है। यह एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ



घोषणा करती है। जिस पार्टी की कोई गारंटी नहीं, वो जनता को क्या गारंटी देगी। उन्होंने कहा- बीजेपी की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बूथ अध्यक्ष और शक्ति केंद्र संयोजक है। उन पर अपने अपने बूथ, शक्ति केंद्र को देखने की जिम्मेदारी होती है। अपनी हर एक कमजोरी को दूर कर बूथ को मजबूत करने का दायित्व उन पर होता है। एक एक वोटर को घर से निकलने का काम वे करते है। लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल ने अपना विजन रखते हुए विकसित भीलवाड़ा की परिकल्पना को सभी के समक्ष रखा।

### अंतिम घंटों में तन-मन से जुटने का आह्वान

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने मंचस्थ अतिथियों और उपस्थित कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए लोकसभा चुनाव में भीलवाड़ा सीट से प्रचंड जीत का आह्वान करते हुए प्रत्येक बूथ पर रिकॉर्ड जीत के लिए अंतिम 36 घंटों में तन, मन से जुट जाने की बात कही। जिला प्रमुख बरजी देवी भील, लोकसभा समन्वयक अतरसिंह भडाना, लोकसभा सहप्रभारी गजपाल सिंह राठौड़, विधायक उदयलाल भडाना, विधायक प्रत्याशी विट्ठल शंकर अवस्थी, विधायक अशोक कोठारी, सभापति राकेश पाठक, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, बीआर चौधरी भी मंचासीन रहे। इससे पूर्व बैठक की शुरूआत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मंचासीन जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर एवं भीलवाड़ा की सुप्रसिद्ध फड़ पेंटिंग भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन के पदाधिकारियों के लिए तैयार डायरी का विमोचन भी सीएम द्वारा किया गया।

## निजी स्कूलों के प्रति सोच सकारात्मक, स्कूल संचालकों की मांगों पर होगा विचारः दिलावर



### आरटीई में ईमानदारी से होगा गरीब बच्चों का एडमिशन

**कोटा**

राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रदेश में संचालित निजी स्कूलों के प्रति मेरी सोच सकारात्मक है और निजी स्कूलों के संचालन में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए मेरा विभाग पूरी तरह सहयोग के लिए तत्पर है। दिलावर कोटा में बालाजी नगर स्थित नगर विकास न्यास के सभागार में शिक्षा स्कूल शिक्षा परिवार की ओर से आयोजित निजी टीचरों के स्वागत सम्मान और परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में निजी स्कूल अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। सभी शिक्षा उपलब्ध कराने के सरकार के उद्देश्य में कंधे से कंधा मिलाकर सरकार का सहयोग कर रहे हैं। दिलावर ने कहा कि सरकारी स्कूल 82 लाख विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं,जबकि निजी क्षेत्र के स्कूल 85 लाख छात्रों छात्रों को शिक्षा से जोड़ रहे हैं। इतना ही नहीं आप बड़ी संख्या में बेरोजगार शिक्षकों को रोजगार भी उपलब्ध करवा रहे है। यह वास्तव में एक बड़ी समाज सेवा का काम है। दिलावर ने कहा कि स्कूल संचालकों की मांग के अनुरूप आरटीई की वार्षिक समीक्षा जिला शिक्षा अधिकार के स्तर पर करने की बजाय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के स्तर पर करने, स्कूल की मान्यता के लिए रजिस्ट्री करवाने के बजाय पुरानी व्यवस्था अनुसार नोटरी करवाने की मांगों पर सकारात्मक विचार कर निर्णय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर आरटीई में एडमिशन में आय के सर्टिफिकेट लाते है, उसमें तहसीलदार से काम का सर्टिफिकेट नहीं चलेगा। ईमानदारी से गरीब बच्चों का ही एडमिशन होगा। शिक्षा मंत्री दिलावर ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम 2012, वक्फ अधिनियम 2013 को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और लोगो से भाजपा को वोट देने की अपील की। दिलावर ने उपस्थित लोगों से अपील की कि जो राम भक्तों को सबक सिखाने की बात कर रहा है।

# राजस्थान की 13 लोकसभा सीटों पर थमा प्रचार

### 26 अप्रैल को होगा मतदान, 152 प्रत्याशी मैदान में

**जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत द्वितीय चरण में टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इन 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन क्षेत्रों में 1.72 लाख से अधिक मतदान कर्मी मतदान सम्पन्न कराएंगे। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 82,487 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के साथ-साथ, होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवान तैनात किए गए हैं। केंद्रीय पुलिस बलों की 175 कंपनियां भी मतदान के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में सहयोग करेंगी। गुप्ता ने बताया कि इन कंपनियों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है। मतदान दिवस पर सघन जांच एवं निगरानी के लिए प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में फ्लाइंग स्कॉड, एसएसटी दल तैनात रहेंगे। चुनाव खर्च के लिहाज से संवेदनशील मतदान केंद्रों में अतिरिक्त निगरानी टीमें तैनात की जाएंगी।




### 14,460 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग

*गुप्ता ने बताया कि कुल 28,758 मतदान केंद्रों में से चयनित 14,460 बूथों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से इन बूथों पर निगरानी रखी जाएगी। मतदान कार्य में कुल 34,931 बैलेट यूनिट, 34,931 कंट्रोल यूनिट और 37,329 वीवीपैट मशीनें (रिजर्व सहित) उपयोग में ली जाएंगी। गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण में 28,758 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इसमें 4,778 शहरी, 23,327 ग्रामीण सहित 653 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदान प्रोत्साहन के लिए 1,768 विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें से महिलाओं और युवाओं द्वारा 832-832 तथा 104 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए जाएंगे।*

### 2.80 करोड़ मतदाता, 152 प्रत्याशी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन लोकसभा क्षेत्रों में कुल 2,80,78,399 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 26,837 सर्विस वोटर हैं। इन क्षेत्रों में 1,44,48,966 पुरुष, 1,36,02,272 महिला और 324 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं। 18-19 वर्ष आयु के 8,66,325 नव मतदाता पंजीकृत हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3,22,829 और 85 वर्ष से अधिक आयु के 3,01,742 मतदाता हैं। पाली में सर्वाधिक 23,48,274 मतदाता पंजीकृत हैं। अजमेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 19,99,399 मतदाता पंजीकृत हैं। इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 152 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें 145 पुरुष और सात महिलाएं हैं। सर्वाधिक 18 प्रत्याशी चित्तौड़गढ़ और सबसे कम सात प्रत्याशी झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए 3,000 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं। यह अधिकारी मतदान दलों के साथ सतत समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की परेशानी का तत्काल निराकरण करेंगे। ईवीएम में तकनीकी खराबी के त्वरित निराकरण के लिए बेल के इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे, जो सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र केंद्रों पर पहुंचेंगे।

### सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कम्यूनिकेशन टीम

गुप्ता ने बताया कि मतदान के दिन सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान के लिए राज्य और जिला स्तर पर कम्यूनिकेशन टीम बनाई गई है। इस टीम में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी मतदान केंद्रों तक मतदान दलों के पहुंचने की जानकारी, मॉक पोल होने की जानकारी, उसके बाद मतदान शुरू होने, मतदान का प्रतिशत जैसी जानकारियां मतदान केंद्रों पर नियुक्त कर्मचारियों से चर्चा कर संकलित करेंगे।दूसरे चरण में मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जिलों में लगभग 24,426 हजार छोटे-बड़े वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। मतदान दल, सुरक्षाकर्मी, ईवीएम मशीन तथा सेक्टर ऑफिसर के आने-जाने में सुगमता के लिए इन वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है।

# दयावती के विद्यार्थियों ने मतदाताओं को किया जागरूक




राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** दयावती सैकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूक किया। निदेशक कन्हैया लाल तिवारी ने बच्चों को मतदान का महत्व बताने के साथ बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता सहित पिरामिड बनाकर मतदाताओं व अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा अभिभावकों से भी शपथ पत्र भरवाए गए मतदान करने के लिए व ड्राइंग द्वारा अभिभावकों को मतदान का महत्व बताया। स्कूल परिवार के जयकिशन भाटी,लक्ष्मण सिंह,हंसराज चौहान, पारसमल,प्रदीप सेन,कृष्णा डांगी, काजल बैरवा,हर्षिता, उषा सेन व गीता का सहयोग रहा।

# पीले चावल देकर मतदान के लिए किया प्रेरित



राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जिले भर में चलाए जा रहे निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में बाली स्वीप अधिकारी भागीरथ सिंह सुपरवाइजर चक्रवीर सिंह के निर्देशन अनुसार नाथू सिंह भाटी द्वारा घर-घर चावल देकर बेरा भादरवा पर प्रवासियों एवं स्थानीय मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। अपने मत का निर्भय होकर मतदान करें ।मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश प्रजापत, नाथू सिंह भाटी, बलजीन्दर सिंह ,भगा राम चौधरी, डाया राम चौधरी, भंवर लाल चौधरी ,पुखा राम चौधरी बेरा भादरवा के मतदाताओ से सम्पर्क किया।

# दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी के साथ मारपीट मामला दर्ज

## एटीएम कार्ड आधार कार्ड एवं नगदी भी ले गए छीनकर बाईक सवार



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** दुकान बंद कर अपनी कार से घर जा रहे दुकानदार की कार के आगे अनबैलेंस होकर मोटरसाइकिल गिर गई। जहां मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने दुकानदार से मारपीट कर कार में तोड़फोड़ कर दी। जिसके बाद दुकानदार ने बाइक सवार एक नामजद सहित दो अन्य के खिलाफ नदबई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार रणजीत नगर भरतपुर निवासी मनीष पुत्र नरेन्द्र कुमार अरोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पीड़ित मनीष की थाने के सामने नेट(वाईफाई) की दुकान है। पीड़ित रात को अपनी दुकान को बंद कर अपने घर भरतपुर के लिए कार से जा रहा था। जैसे ही पीड़ित रेलवे फाटक समीप बैंक ऑफ बडौदा के सामने पहुंचा, तो पीड़ित की कार के सामने एक मोटरसाईकिल पर तीन व्यक्ति बैठकर जा रहे थे। जो बैलेन्स खराब होने कारण पीड़ित की कार के सामने गिर पडे। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि मोटरसाइकिल को गांव कबई निवासी सोनू चल रहा था। आरोपी सोनू और दो अन्य युवकों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और कार पर पत्थर से हमला कर तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि बाइक सवार आरोपी कार में से आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व 5,780 रुपए को चोरी करके ले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सोजतरोडः भक्तों रा थाणें राम राम रे... के भाव विह्ल भजन संग श्री सप्ताहजी महारानी को विदाई दी



राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड(ललित तिवारी)।** कस्बे के गणेश मंदिर में महिला सत्संग मण्डलों द्वारा 17 अप्रेल से 24 अप्रेल तक पारंपरिक श्रीसप्ताहजी महारानी का आयोजन किया गया । सदस्या राधा माहेश्वरी ने बताया कि सप्ताह में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दो घंटे का भगवत गीता का पाठ किया गया । विभिन्न महिला मंडलों द्वारा देवी देवताओं को भजनों से रिझाया गया । रामनवमी पर गायिका स्वर्णप्रभा द्वारा श्रीराम जन्म का सुन्दर बधावा गाया गया व सुंदरकांड मंडल के पुरुष दल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया । बुधवार 24 अप्रेल को 4 बजे भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने भक्तों रा थांणे राम राम रेज भजन का सस्वर गायन कर श्रीसप्ताहजी को अगले वर्ष मिलने के वादे संग विदाई दी । महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ श्रीसप्ताहजी को विश्राम दिया गया।

## गंदे पानी की निकासी के इंतजाम नही

# सडक पर राहगीरो के लिए बना परेशानी का सबब, प्रशासन नही दे रहा ध्यान

राजस्थान की राजनीति



**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बघाना के अधिनस्थ बडसरा गांव में गंदे पानी की निकासी नही होने के कारण गांव का सारा गंदा पानी मुख्य सडक मार्ग पर भरा रहता है। ऐसे में ग्रामीणो एवं राहगीरो को यहा से निकलने में आये दिन भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। वहीं मुख्य सडक मार्ग पर गंदे पानी के जमावडे के कारण आस-पास का वातावरण पूरी तरह दूषित बना हुआ है। वहीं गंदगी का आलम रहने से घरो में मच्छरो की भरमार बनी हुई है। जिससे लोग मौसमी बीमारियो की चपेट में आ रहे है। मुख्य सडक से वाहन गुजरने पर गंदा पानी पहुंच रहा है घरो तक बडसरा गांव के निवासी रामचरण, कैलास, महेश, विनोद, रामनिवास, गुलजार, महिपाल, शिवचरण आदि लोगो ने बताया की गांव में गंदे पानी की निकासी नही होने से सारा गंदा पानी मुख्य सडक मार्ग पर भरा रहता है। ऐसे में सडक से वाहन गुजरने पर सडक के दोनो तरफ बने हुए घरो तक गंदे पानी की छीटे पहुंच रही है। जिससे यहा रहने वाले लोगो को भी नर्कीय जीवन जीना पड रहा है। स्थानीय ग्रामीणो का कहना है की इस विषय में ग्राम पंचायत सरपंच एवं प्रशासन से अवगत कराये जाने के बावजूद भी समस्या का पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा। जिससे यह समस्या ग्रामीणो एवं आने-जाने वाले राहगीरो के लिए नसूर बनती जा रही है। वही बच्चो का भी आना-जाना लगा रहता है। जिससे विद्यार्थियो की आये दिन गंदे पानी के कारण पोशाक शराब हो रही है। वहीं दुपहिया वाहन चालक भी गंदे पानी के जमावडे के कारण आये दिन चोटिल हो रहे है। पानी की निकासी के लिए कोई इंतजाम नही होने के कारण ग्रामीणो को खासी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। सबसे अधिक रात के अंधेरे में और भी समस्या बढ जाती है। ऐसे में गंदे पानी से निकलने वाले वाहन चालको को खासी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणो का कहना है की इस विषय में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में भी यह समस्या रखी गईथी। लेकिन अभी तक कोई समाधान नही किया गया। ग्रामीणो ने जिला प्रशासन से गंदे पानी की निकासी से निजात दिलाने की मांग की है।

## कोटकासिम उपखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय के लिए रोडवेज बस चलाने की उठी मांग

# हरसौली रूट पर अभी तक नही हुआ रोडवेज बसो का संचालन, दर्जनो गांवो के ग्रामीण रोडवेज बसो की यात्रा से हो रहे है वंचित

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** कोटकासिम उपखंडमुख्याल से जिला मुख्यालय के लिए रोडवेज बस चलाने की मांग पिछले काफी समय से चली आ रही है। उसके बावजूद भी उपखंडमुख्यालय को जिला मुख्यालय से अभी तक नही जोडा गया। इस रूट पर किसी भी रोडवेज बसो का संचालन नही होने से लोगो को आये दिन भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। सबसे ताज्जुब का विषय तो यह है की सरकार द्वारा बार-बार विकास कार्यो का दम भरा जा रहा है। लेकिन इसकी बानगी कोटकासिम उपखंड मुख्यालय के क्षेत्रा में देखी जा सकती है। उपखंडमुख्यालय के क्षेत्रो में कई रूटो पर अभी तक रोडवेज बसो का संचालन नही होने से वहा के ग्रामीणो को आज भी अपने निजी या अवैध वाहनो में लटककर यात्रा करनी पड रही है। जबकी साधारण सभा व अन्य बैठको में स्थानीय जनप्रतिनिधियो द्वारा लगातार समय-समय पर उपखंड मुख्यालय के रूटो पर रोडवेज बसो के संचालित करने की मांग उठती आ रही है।




कोटकासिम से जिला खैरथल-तिजारा के लिए रोडवेज संचालन की उठी मांग

बुधवार को कोटकासिम सामाजिक संगठनो के सदस्यो द्वारा कोटकासिम से जिला मुख्यालय खैरथल-तिजारा के लिए रोडवेज बसो का संचालन करने की मांग की है। मांग पत्र में अवगत कराया की उपखंड मुख्यालय कोटकासिम से जिला मुख्यालय जाने के लिए अभी तक कोई भी रोडवेज बसो का संचालन नही किया गया। जबकी जिला मुख्यालय बनने के बाद खैरथल-तिजारा के लिए उपखंड सहित क्षेत्रभर के सैकडो लोग आये दिन अपने-अपने कार्यो के लिए जिला मुख्यालय पर आना-जाना लगा रहात है। लेकिन इस रूट पर यातायत के नाम पर कोई भी व्यवस्था नही होने से लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। कोटकासिम से खैरथल वाया हरसौली रूट पर अतिशीघ्र रोडवेज बसो का संचालन करने की मांग की है। इसके अलावा तिजारा-बावल वाया कोटकासिम, कोटकासिम-भिवाडी वाया बूढीबावल, कोटकासिम-अजरका वाया तिंगावा सहित दिल्ली रूट पर रोडवेज बसो के संचालन की मांग की है। इस अवसर पर समाजसेवी श्याम दिवाने ग्रुप कोटकासिम के संजू सैनी, गगन कश्यप, विशाल डाबला, पंकज पंवार, डीगाराम सैनी, पुष्कर कुमार, गौरव वर्मा, गिरीश कश्यप, चिराग कश्यप सहित काफी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओ ने जिला प्रशासन से रूटो पर रोडवेज बसो के संचालन की मांग की है।

# बारात की पिक अप पलटी 17 घायल चार गंभीर जयपुर रेफर

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को बारातियों से भरी एक पिकअप पलट गई. इस घटना में पिकअप सवार 17 बाराती घायल हो गए, जिन्हें दौसा पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया. इस दौरान 4 घायलों को गंभीर हालत में डॉक्टरों ने जयपुर रेफर कर दिया. वहीं, अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है. मामला दौसा जिले के लालसोट रोड पर स्थित रुक्मणि होटल के पास का है. दरअसल, पिकअप में सवार लोग सिंगपुरा से दौसा बारात में आए थे. देर रात वापस लौटते समय यह हादसा हुआ है. प्रथम दृष्टया पुलिस हादसे की वजह ओवर स्पीड मान रही है.

हादसे के बाद बारातियों में मची चीख-पुकार पिकअप में मौजूद बाराती राजेश महावर ने बताया



कि सिंगपुरा से बारात दौसा गई थी. इस दौरान रात में वो वापस अपने गांव लौट रहे थे. तभी लालसोट रोड पर रुक्मणि होटल के पास पिकअप पलट गई. हादसे के दौरान पिकअप में सवार बारातियों में चीख-पुकार मच गई. ऐसे में आसपास रहने वाले लोगों ने सदर थाना पुलिस को हादसे की सूचना दी. सूचना पर जिले की सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. साथ ही स्थानीय लोगों ने पिकअप सवार बारातियों को पिकअप से बाहर निकाला.17 बाराती घायल, 4 जयपुर रेफरः सदर थाना प्रभारी सोहन लाल ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस दौरान डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद 4 गंभीर घायलों को जयपुर रेफर कर दिया. वहीं, अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. थाना प्रभारी के अनुसार हादसा बीती रात करीब 12:48 बजे का है. उन्होंने बताया कि हादसे का कारण प्रथम दृष्टया ओवर स्पीड है, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी है लेकिन इसकी पुष्टि मामले की जांच के बाद ही हो पाएगी. फिलहाल सभी घायलों का दौसा और जयपुर में उपचार जारी है।

# बाइक के आगे कार लगाकर कट्टे की नोक पर लूटपाट एवं मारपीट करने का मामला दर्ज

राजस्थान की राजनीति



**भुसावर।** थाना भुसावर के गॉव दीवली निवासी एक जने ने दो जनों को नामजद करते हुए रास्ते में बाइक रोककर कट्टे की नोक पर राशि लूटने सहित जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना भुसावर के गॉव दीवली निवासी लोकेश पुत्र बच्चू सिंह जाति जाटव ने दर्ज करवायी रिपोर्ट में बताया है कि वह दिनांक 23 अप्रेल को अपने गॉव दीवली से बाइक पर सवार होकर भुसावर आ रहा था तभी भगवानपुर और भुसावर के मध्य एक ब्रेजा कार बाइक के आगे लगा दी। जिसमें से दीवली निवासी मोहित पुत्र हुकमसिंह एवं पुष्पेन्द्र पुत्र बच्चू जाति जाट और अन्य दो व्यक्ति जो निठार के थे कार से निकले और बाइक की चाबी निकालकर मेरे गर्दन पर कट्टा रख दिया। वहीं पुष्पेन्द्र ने चोरी की नीयत से झीना झपटी करते हुए 7 हजार रूपये और हाथ की चांदी की चेन को निकाल लिया। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए घसीटते हुए बगीची में ले जाकर मारपीट की। जहां जान से मारने की नीयत से हॉकी से आंख पर और गला दबाने का भी कार्य किया। वहीं जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## फर्जी एनओसी मामले में हेल्थ डिपार्टमेंट की कार्रवाई

# जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द; अब हॉस्पिटल में नहीं हो सकेंगे ऑर्गन ट्रांसप्लांट

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी के मामले में हेल्थ डिपार्टमेंट में कार्रवाई की है। जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द किया है। इस तरह इस मामले में ये तीसरा हॉस्पिटल है जिसकी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए जारी किए लाइसेंस को रद्द किया है। इस निर्णय के बाद अब मणिपाल हॉस्पिटल में अगले आदेश तक किडनी, लिवर के ट्रांसप्लांट नहीं हो सकेंगे। हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि फर्जी एनओसी प्रकरण में संदिग्ध भूमिका के दृष्टिगत मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर को जारी को निलंबित कर दिया। मानव अंग एवं ऊत्तक प्रत्यारोपण की प्राधिकृत अधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि फर्जी एनओसी जारी होने का प्रकरण सामने आने के बाद इस मामले में फोर्टिस हॉस्पिटल से कार्मिक गिर्राज शर्मा को गिरफ्तार किया था। यह कार्मिक पूर्व में मणिपाल हॉस्पिटल में भी कार्यरत था। मणिपाल में भी मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए एनओसी प्राप्त करने में इस कार्मिक की भूमिका सामने आई है। हॉस्पिटल द्वारा प्राप्त एनओसी भी संदेह के दायरे में है और एसीबी, पुलिस भी इस प्रकरण में जांच कर रही है। इसे देखते हुए मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन निलंबित किया है। आपको बता दें कि इस प्रकरण में हेल्थ डिपार्टमेंट ने पहले जयपुर के फोर्टिस हॉस्पिटल और ईएचसीसी हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द किया था।

## दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूटे

# जयपुर के वीआईपी इलाके में ऑफिस में घुसे बदमाश, बोले- आवाज की तो गोली मार देंगे

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में 24 घंटे के अंदर लूट की दूसरी बड़ी वारदात हो गई है। बदमाशों ने शहर के वीआईपी इलाके सी-स्कीम में डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग को निशाना बनाया। यहां ऑफिस में काम कर रही दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना की सूचना मिलने पर अशोक नगर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर लगे सीसीटीवी खंगाले गए। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, शाम करीब साढ़े 5 बजे दो बदमाश बाइक पर आए। केसरी भवन बिल्डिंग में स्थित कार्यालय में पहुंचे। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है, जो कैश कलेक्शन के लिए बनाया गया है। दोनों बदमाशों ने ऑफिस में मौजूद दो महिलाओं को पिस्टल दिखाई। फिर चुप रहने के लिए कहा।

### लॉकर खोलकर रुपए ले गए बदमाश

बदमाशों ने दोनों महिलाओं को धमकाया- अगर आवाज की तो गोली मार देंगे। इस पर महिलाएं अपनी जगह बैठ गईं। इसके बाद बदमाशों ने दराज में रखी हुई लॉकर की चाबी निकाली। लॉकर में रखे हुए 15 लाख रुपए लूट कर भाग गए। बदमाशों ने 15 मिनट में पूरी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों के जाने के बाद महिलाओं ने ऑफिस के मालिक को जानकारी दी। फिर पुलिस को मौके पर बुलाया।

### इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

मौके पर पहुंचे डीसीपी साउथ ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, शहर में नाकेबंदी कराई गई। बाइक सवार बदमाशों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार दोनों बदमाशों ने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। डीसीपी ने बताया- केसी चौधरी ने बिल्डिंग की मेंटेनेंस और पैसे के हिसाब के लिए छोटा ऑफिस खोल रखा है। दोनों महिलाओं के बयान लिए जा रहे हैं। बिल्डिंग मालिक सूरत में है। उन्हें जानकारी दे दी है। इस बिल्डिंग में 10 से ज्यादा ऑफिस चलते हैं।

# मेहंदीपुर बालाजी में कवि कुमार विश्वास ने दूसरे दिन भी की राम कथा

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** महुवा मेहंदीपुर बालाजी में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित राम कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कवि डॉक्टर कुमार विश्वास ने अपना ओजस्वी प्रवचन दिया. इस दौरान उन्होंने देश में व्याप्त जातिप्रथा और धार्मिक कट्टरता पर तंज कसा. पहले आम आदमी पार्टी का हिस्सा रहे कवि कुमार विश्वास ने बिना नाम लिए अपनी पूर्व पार्टी और उसके कर्ताधर्ताओं पर भी कटाक्ष किया और कहा कि मैं भी ऐसे राक्षसों में रहकर निकला हूं, मेरे अंदर राम का नाम था, इसलिए बच गया. वहीं, पद्म पुरस्कारों को लेकर उन्होंने कहा कि लोग इन पुरस्कारों के लिए नेताओं के चक्कर लगाते हैं, लेकिन जनता का प्यार ही सबसे बड़ा पुरस्कार है. दरअसल, जिले के मेहंदीपुर बालाजी में आयोजित संगीतमय कथा %अपने-अपने राम% का समापन मंगलवार देर शाम को हो गया. इस मौके पर पंडाल में बालाजी मंदिर ट्रस्ट महंत डॉ. नरेशपुरी और विभिन्न धर्मगुरुओं सहित कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के नेता मौजूद रहे. जिज्ञासाओं से बना है सनातन धर्मः राम कथा के दौरान कवि कुमार विश्वास ने कहा कि सनातन धर्म जिज्ञासाओं से बना धर्म है। मैं यहां किसी धर्म के प्रति अनादर नहीं कर रहा. यहां मंच पर कांग्रेस नेता ममता भूपेश और भाजपा नेता घनश्याम तिवाड़ी सहित कई विद्वान लोग मौजूद है, लेकिन देश में दो तरह की वैचारिकी





है, जिसमें एक वैचारिकी ये है कि हम जो कह रहे है और जो इस पुस्तक पर जो लिखा हुआ है, वहीं फाइनल है. इसके खिलाफ कुछ बोला तो %सर तन से जुदा%. इस बात को राजने बेहतर कोन समझता होगा? यहां लोगों ने इसे होते हुए देखा है. दूसरी वैचारिकी जिज्ञासा पर आधाररित धर्म की है.कुमार विश्वास ने कहा कि इस समय चुनाव चल रहे हैं. यहां राजनीति के लोग भी राम कथा सुनने के लिए बैठे है. ऐसे में ये बड़ा प्रसंग है कि देश में अगड़ों और पिछड़ों के वोट कितने हैं. इसका गणित चल रहा है, लेकिन अगर कोई पूछे कि भारत में जातीय व्यवस्था थी क्या? उसका जवाब है, %भारत में सिर्फ एक व्यवस्था थी, और वह है वर्ण व्यवस्था. उन्होंने वर्ण व्यवस्था की व्याख्या करते हुए कहा कि यह व्यवस्था किसी जाति पर आधारित नहीं थी, बल्कि सिर्फ गुण और कर्मो पर आधारित थी. पहले जाति नहीं थी, लेकिन आज जाति बताने वाले लोग हमारे बीच में आ गए है. भारत का निर्माण भगवान राम ने अपनी भीलनी मां शबरी के साथ मिलकर किया है. इस देश को बनाने में अगड़ों का योगदान नहीं है. इसे बनाने में वन बंधुओं और दलितों का अहम योगदान है. हिंदुओं के दो प्रमुख ग्रंथ भी दलित समाज से निकले है. इन्हीं ग्रंथों से आजतक ब्राह्मणों की परंपरा जीवित है.पद्मश्री अवार्ड के लिए लोग नेताओं के चक्कर लगाते हैं। कुमार विश्वास ने कहा कि मैंने बड़े-बड़े कलाकार, कवि- साहित्यकार देखें है, जो पद्मश्री अवार्ड पाने के लिए नेताओं की चौखट पर चक्कर लगाते रहते हैं. वह क्या करेगा उस पद्मश्री अवार्ड को लेकर? यह एक कागज का टुकड़ा है, एक दिन की खबर है, लेकिन यदि तुझे देखकर लोग रोने लगे, हाथ जोड़ें और कलेजे से लगा लें, और कहे कि बेटा तुझे सुनकर बड़ा आनंद प्राप्त होता है. ऐसे में ये प्यार सारे पद्म पुरस्कारों और सारे भारत रत्नों से उपर है. ऑनर नहीं कस्टोडियन बनना सिखाता है राजपूतानाः कुमार विश्वास ने राम कथा के दौरान कहा- लोगों को ताकत मिलती ही आदमी पागल हो जाता है। उधर हाथों में पत्थर बदलते रहते है, इधर भी अहले जुनू सिर बदलते रहते हैं. आदमी को एक किरायेदारी (पद) मिलते ही उसके अंदर ऑनरशिप आने लगती है, जबकि ऑनर नहीं कस्टोडियन बनना राजपूताना सिखाता है. आज भी भगवान राम का वंश राजपूतों में सुरक्षित है.आप पार्टी पर बिना नाम लिए साधा निशानाः कुमार विश्वास ने आम आदमी पार्टी पर बिना किसी का नाम लिए निशाना साधा और कहा कि मैं भी ऐसे राक्षसों में रहकर निकला हूं, मेरे अंदर राम का नाम था, इसलिए बच गया. पूरी लंका सोई हुई है, लेकिन लंका में सिर्फ एक व्यक्ति विभीषण जागा हुआ है, क्योंकि उसके हृदय में राम का नाम है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मेरी बातों का राजनीतिक अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए. चुनाव आयोग भी मेरी बातों को नहीं पकड़ नहीं पाएगा. इस देश के विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री, विदेश सचिव को हनुमान जी की भाषा अपनानी चाहिए. राम कथा के प्रारंभ और समापन के बाद इंडिया गॉट टैलेंट के कलाकारों ने प्रस्तुति दी. क्रेजी हूपर्स टीम ने गणेश वंदना और हनुमान चालीसा वंदना की प्रस्तुति दी. वहीं आर्ट क्रू टीम ने कई तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी. इसके साथ ही दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का समापन हो गया।

## सरगुजा में पीएम मोदी ने कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों पर घेरा

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी... जिंदगी के बाद भी, वह आतंकियों के मरने पर आंसू बहाने वाली पार्टी, उसका देशवासियों से सरोकार नहीं

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वह विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस को निशाने पर लिया। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए।

एजेंसी ▶▶ सरगुजा


पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वह माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- 'कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।'

पीएम ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर टैक्स का बोझ लाद देगी। कांग्रेस को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। ये और आगे बढ़ गए हैं।

### चुनावी सभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री समेत कई जनप्रतिनिधि भी रहे शामिल

**राहुल गांधी के बयान पर साधा निशाना**

- पीएम ने छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में बड़ा आरोप लगाया
- कांग्रेस ने मिडिल क्लास पर ज्यादा टैक्स लगाने की वकालत की



**कांग्रेस ने जनता का भरोसा खोया**

पीएम मोदी इस दौरान कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था, तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। कांग्रेस की टोली ने उस समय मुझ पर हमला बोल दिया था, बात का बवंडर बना दिया था। लेकिन मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र के नाम संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को प्रदेश से साफ कर दिया।

### संविधान की परवाह नहीं कर रही कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब आंबेडकर के शब्दों की परवाह की।

**वायनाड में बोलीं प्रियंका**

### भाजपा जनसमस्याओं पर बात नहीं करती



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने वायनाड में कहा कि पीएम मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयान से यह स्पष्ट है कि वह जनता की समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं। रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने पीएम और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है।

**राहुल का बड़ा बयान**


### जाति जनगणना को कोई नहीं रोक सकता



**नई दिल्ली।** बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे जाति जनगणना के 'एक्स-रे' से डरे हुए हैं और कहा कि कोई भी ताकत इसे नहीं रोक सकती। राहुल ने कहा कि 90 फीसदी आबादी के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनके जीवन का मिशन है।

**आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले**

### कांग्रेस में एक को छोड़ सभी लोग 'बेताल'



**नई दिल्ली।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस अपने वसूलों से भटक गई है। कांग्रेस में अब वे लोग हैं जो भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगा रहे हैं। वे सनातम धर्म पर प्रहार कर रहे हैं। मैंने कहा था कि राम मंदिर निमंत्रण पत्र मत ठुकराइए। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। इशारों में कहा कि एक को छोड़कर वहां सभी लोग बेताल हैं।

### अखिलेश कन्नौज सीट से आज दाखिल करेंगे नामांकन



**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार को दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। हालांकि यह आधिकारिक नहीं है।

**लद्दाख के सांसद नामग्याल बोले**

### इतना काम किया, फिर भी मेरा टिकट कटा



इलाके में जितना विकास का काम हुआ वह आप आकर देख सकते हैं। इसके बावजूद इसके मेरा टिकट काट दिया गया।

**भागलपुर में भाजपाध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस को लिया निशाने पर**

## कांग्रेस ने घोटालों के अलावा कभी कुछ नहीं किया

### विपक्षियों ने केवल अपनी झोली भरी



जेपी नड्डा खगड़िया के गोगरी जमालपुर में जनसभा के दौरान कांग्रेस के समय के घोटालों की याद दिलाई। अखिलेश यादव की सरकार ने लैपटॉप घोटाला किया था। गोमती रिवर फ्रंट का घोटाला किया था। अनाज का घोटाला किया। घमंडिया गठबंधन के लालू यादव ने चारा घोटाला किया था या नहीं? जमीन के बदले नौकरी घोटाला किया था या नहीं किया? अलकतरा घोटाला किया था या नहीं? आप बताइए ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने टीचर भर्ती घोटाला किया या नहीं? बालू घोटाला किया कि नहीं? किया गाय की तस्करी की या नहीं की? कांग्रेस ने कोयला घोटाला किया था या नहीं?

**शराब, चारा गोबर सब 'खा' गए**

नड्डा ने पूछा कि डीएमके के नेताओं ने शराब घोटाला किया था कि नहीं? केसीआर की बेटी ने शराब घोटाला किया।अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला किया।उन्होंने कहा कि यह सारा घमंडिया एलाइंस के नेता हैं, भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ऐसे लोगों को बाहर करने की जरूरत है।

**विरासत टैक्स वाले बयान पर भड़के शाह**

## कांग्रेस हुई बेनकाब, जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश!



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के 'विरासत टैक्स' वाले बयान के बाद राजनीतिक घमासान मच गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट होने की बात कहते हुए कहा कि सैम के बयानों से कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब हो गई है। कांग्रेस के मेनिफेस्टो बनाने में सैम पित्रोदा की अहम भूमिका है। शाह ने कहा, जब मोदीजी ने ये मुद्दा उठाया तो पूरी कांग्रेस, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी बैकफुट पर आ गए। सैम के बयान को देश की जनता गंभीरता से ले। आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है।

**कांग्रेस की मानसिकता सामने आई**

शाह ने कहा कि आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद साफ हो गया है। ये लोग देश के लोगों की निजी संपत्ति का सर्वेक्षण करना चाहते हैं। कांग्रेस का मकसद इसे सरकारी संपत्ति में रखकर यूपीए के शासनकाल के दौरान फैसले के मुताबिक बांटना है।

**वन नेशन-वन इलेक्शन पर बोले सिंह**

### इससे खर्च बचेगा और बार-बार विकास कार्य नहीं रुकेंगे

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को एक



देश-एक चुनाव पर सरकार के प्लान का खुलासा किया। आंध्र प्रदेश में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि देश में संसद और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने चाहिए, इससे खर्चों पर रोक लगेगी। सिंह ने कहा, पीएम का विचार है कि देश में बार-बार चुनाव होते हैं और जनता चुनाव में समान रूप से लगी रहती है। इससे बार-बार खर्च होता है। आचार संहिता लागू होती है और विकास कार्य भी रुक जाता है। हम संसाधनों को बचा पाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### ठिरशू मेले में मांगी फसल की मन्नत

**शिमला।** देवभूमि हिमाचल में जैसे ही बसंत आगमन होता है नए फसलों की बिजाई शुरू होती है,



ऐसे में देवी देवताओं को खुश करने के लिए गांव-गांव में ठिरशू मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में स्थानीय लोक संस्कृति की खूब झलक देखने को मिली। पहले मेलों का आयोजन मिलने-जुलने के लिए होता था। बताया जा रहा है कि पौराणिक संस्कृति को दिखाने मेलों का बड़ा महत्व है।

### हाथरस के भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का निधन

**हाथरस।** यूपी की हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से



निधन हो गया है। अलीगढ़ के एक अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। वो लगातार पार्टी के लिए काम कर रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही वो अलीगढ़ में हुई पीएम मोदी की सभा में भी दिखे थे। सांसद की अचानक मौत से पार्टी के सभी नेता स्तब्ध हैं।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बुधवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ाई थी। सीबीआई को निर्देश दिया कि सबूत दिखाने एक टेबल बनाएं।

### कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षित कोटे में 'धर्म आधारित आरक्षण' दिया

# मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी बनाने पर बवाल... एनसीबीसी ने किया सवाल

### राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की जांच में सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप है कि उसने मुस्लिम समाज को पिछड़ों के लिए आरक्षित कोटे में धर्म के आधार पर जगह दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को भी उठाया। पीएम ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक और पाप किया है। मुस्लिम समुदाय में जितनी भी जातियां हैं, सबको उन्होंने ओबीसी कोटे में डालकर ओबीसी बना दिया। जो हमारे ओबीसी समाज को लाभ मिलता था उसका बड़ा हिस्सा कट गया।

इस मुद्दे पर सियासी पारा बढ़ गया है। कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग को कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण कोटे में अनियमितता की जानकारी मिली थी। उसके बाद आयोग ने पिछले 6 महीने में इसकी जांच शुरू की। इस दौरान सरकारी नौकरी, मेडिकल, इंजीनियरिंग एडमिशन और तमाम सरकारी पदों पर सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिए जाने की बात सामने आई।

**कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने**

पीएम ने भी रैली में इस पर चर्चा की और खरी खोटी सुनाई

### उन्हें भी लाभ दिया जो दायरे में नहीं आते



गत वर्ष राज्य के सरकारी पीजी मेडिकल के 930 सीटों में दिए गए आरक्षण की जब जांच की तो उसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आयोग ने पाया कि 930 में से 150 सीट मुस्लिम वर्ग को आरक्षित किया गया है जो करीब कुल सीट का 16 प्रतिशत है। खास बात ये है कि इनमें मुस्लिम वर्ग के उन जातियों को भी लाभ दिया गया है जो आरक्षण के दायरे में नहीं आते। अब राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग इस मुद्दे को उठाकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

**आयोग के अध्यक्ष हंसराज बोले**

**कोटा में की गड़बड़ी, आम ओबीसी का हक मारा**



ओबीसी कमीशन के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मेडिकल पीजी की 930 सीटों में से मुस्लिम वर्ग को 150 सीटों पर आरक्षण दे दिया गया है, जो करीब 16फीसदी है। इसमें लगता है कि ओबीसी वर्ग के आरक्षण कोटा में इस तरह से गड़बड़ी की गई है और आम ओबीसी का हक मारा गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कैटेगरी 1बी और बी2 में 34 मुस्लिम ओबीसी जातियां आती हैं।

### सभी को पिछड़े वर्ग में शामिल कर लिया

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी आईआईबी के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

### सामाजिक न्याय का सिद्धांत नहीं माना

पिछड़ी जाति के रूप में मुसलमानों का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है। सामाजिक , शैक्षणिक रूप से पिछड़े के रूप में पहचानी जाने वाली हाशिए पर आ गईं।

**खुली जीप में पीएम लहराते रहे कमल का फूल, दोनों तरफ रहे सीएम यादव, प्रत्याशी आलोक शर्मा व पार्टी प्रदेश अध्यक्ष शर्मा**

## एक किमी तक बरसे फूल शंख-डमरू और ढोल बजे



**करीब 200 स्वागत मंच बनाए गए थे, करीब तीस मिनट में पूरा हुआ एक किलोमीटर का सफर**

**भोपाल।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को एयरटेल तिराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक एक किलोमीटर का रोड शो। इसमें पूरा भोपाल ही उमड़ आया। चारों तरफ भगवा लहरा रहे थे। इस रोड शो में 'एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी' का नजारा दिखा। सड़क के दोनों तरफ करीब 200 मंच लगे थे। इन पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, साधु-संत, महिलाएं पारंपरिक परिधानों में उपस्थित थीं। सड़क के दोनों तरफ कहीं शंख की ध्वनियां गूंज रही थीं। तो कहीं, डमरू बज रहे थे। ढोल वाले अपनी पूरी गरिमा के साथ पीएम का अभिवादन कर रहे थे। साधु-संत मंत्रोच्चार कर रहे थे।

**जनहित याचिका पर सीजेआई हुए नाराज**

## 5 की जगह 3 साल के एलएलबी कोर्स की तलाश पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा 5 साल के एलएलबी पाठ्यक्रम की जगह 3 साल के पाठ्यक्रम संचालन की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि 5 वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम सही चल रहा है और इसमें छेड़छाड़ करने की कोई जरूरत नहीं है।



वकील एवं याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है। सीजेआई ने दलीलों से असहमति जताई और कहा कि इस बार 70 प्रतिशत महिलाएं जिला न्यायपालिका में आईं और अब अधिक लड़कियां कानून के क्षेत्र में आ रही हैं।

**ऋषिकेश में एम्स के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति**

## आरोग्य भूमि के रूप में होगा देवभूमि उत्तराखंड का 'नाम'

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

उत्तराखंड के ऋषिकेश में एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद सहित भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं। एम्स में एलोपैथी के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति से भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे में व्यापक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति 'आरोग्य भूमि' के रूप में भी स्थापित होगी। चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा।

### 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा




**विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान**

भारत में डायबिटीज से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। डायबिटीज के इलाज के रूप में सेमाग्लूटाइड आजकल चर्चा में है। ग्लोबल मेडिसिन युग में भी चिकित्सा से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना और उनका समाधान करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने एम्स ऋषिकेश को पब्लिक हेल्थ और कम्युनिटी इंगेजमेंट पर अधिक से अधिक ध्यान देने का सुझाव दिया।

**भारत में पहली बार कार टी-सेल थैरेपी**

आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स ऋषिकेश कार टी-सेल थेरेपी और स्टेम सेल रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है। भारत में पहली बार इस तरह की थेरेपी विकसित की गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह थेरेपी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम खर्च पर उपलब्ध कराई जा रही है।

### अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की बड़ी पहचान

राष्ट्रपति ने कम समय में ही प्रचुर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए अतीत और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक की अपनी विकास यात्रा से एम्स ऋषिकेश ने अच्छी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि एम्स का मतलब होता है सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना। सबसे अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

चिंतन

# डीआरडीओ की उपलब्धियों से सुरक्षित हो रहा देश

भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। संस्थान ने देश की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई है। पॉलिमर बैकिंग और मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से तैयार की गई इस जैकेट को छह स्नाइपर गोलियां भी भेद नहीं सकीं। जैकेट का इन-कंजक्शन और स्टैंडअलोन डिजाइन सैनिकों को गोला-बारूद से सुरक्षा प्रदान करेगा। कानपुर में तैयार इस जैकेट की टेस्टिंग चंडीगढ़ में की गई। इस जैकेट को पहनने के बाद न केवल सैनिक सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इसके अलावा ये खोज डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर भी बड़ा कदम है। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी इस खोज पर डीआरडीओ को बधाई दी है। यह पहली बार नहीं है जब संस्थान ने रक्षा क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भी अनेक अनुसंधान कार्यों को अंजाम दिया है। वैमानिकी, हथियार, इलेक्ट्रॉनिक्स, युद्धक गाड़ियों, इंजीनियरिंग सिस्टम, मिसाइल, अडवांस्ड कंप्यूटिंग और सिमुलेशन, नौसेना प्रणाली, लाइफ साइंस, इन्फर्मेशन सिस्टम और कृषि विकास में भी इसका अहम योगदान है। कौन भूल सकता है 1983 को जब भारत ने एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम को लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य आत्मरक्षा के लिए मिसाइलों के विकास को अनुसंधान करना था। मिसाइल टेक्नॉलोजी के मैदान में भारत की प्रगति को देखकर अंतरराष्ट्रीय संस्थान एमटीसीआर ने इस पर रोक लगा दी। तकनीक तक भारत पहुंचने से रोक दी गई, लेकिन ये प्रतिबंध देश की इच्छाशक्ति में बाधक नहीं बन पाए। भारत ने एक के बाद एक स्वदेशी पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश और नाग मिसाइलों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसमें आकाश, अग्नि एक, दो, तीन, पांच, पृथ्वी एक, दो, तीन, त्रिशूल, नाग के अलावा कई और नाम शामिल हैं। केवल इतना ही नहीं भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने एक राडार भी विकसित किया है। इसका नाम है दिव्यचक्षु। यह तस्वीर लेने वाला राडार है। इसकी मदद से 20 से 30 सेंटीमीटर मोटी दीवार के पार की तस्वीर भी ली जा सकती है। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बंधकों को बचाने के अभियान में इसका इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे ही 2010 में डीआरडीओ ने एक प्लास्टिक ग्रेनेड विकसित किया। इसे मिर्ची बम भी कह सकते हैं। यह जानलेवा बम नहीं है। इसमें भूत जोलोकिया नाम की दुनिया की सबसे तीखी मिर्च का पाउडर इस्तेमाल किया जाता है। यह छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने में काफी कारगर है। भूत जोलोकिया नाम की मिर्च का उत्पादन असम में होता है। इसी को लेकर यह तैयार किया गया है। संस्थान ने दुश्मनों के लिए सबसे बड़ा भय बनकर उभरी ब्रह्मोस मिसाइल को रूस के साथ मिलकर तैयार किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मस्कवा नदी पर रखा गया है। यह राडार को चकमा दे सकने वाला एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से, पानी के जहाज से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। डीआरडीओ को इस बात का श्रेय जाता है कि भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं, लेकिन इतनी कामयाबी का मतलब यह तो कतई नहीं हो सकता कि सब हो गया। अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। जैसे-जैसे हम उन्नत होंगे वैसे खतरे भी बढ़ेंगे। इसके लिए जरूरी है कि हर तरह की तैयारी रखी जाए।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# मलेरिया से निपटने की चुनौती

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट द्वारा भी कहा जा चुका है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है, जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती है। उल्लेखनीय है कि भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू किए गए तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरूआत के बाद इन प्रयासों में और अधिक तेजी आई। मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गई, जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। 2003 में राष्ट्रीय ज्ञात कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम यानी एनवीबीडीसीपी के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया। क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है जैसे रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और निजी सुरक्षा उपाय। उल्लेखनीय है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। ध्यान देना होगा कि विश्व बैंक के सहयोग से 1997 तथा 2005 के मध्य आईडीए साख द्वारा अंशतः वित्तीय सहायता प्राप्त एक मलेरिया नियंत्रण परियोजना चुनिंदा राज्यों एवं जिलों में लागू की गई थी। उल्लेखनीय है कि मलेरिया पर पहले पहल गंभीर वैज्ञानिक अध्ययन 1880 में हुआ था जब एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन ने अल्जीरिया में काम करते हुए पहली बार लाल रक्त कोशिका के अंदर परजीवी को देखा था। मलेरिया प्रमुख रूप से वातावरण एवं जलवायु पर निर्भर करता है। हाल के दिनों में जलवायु परिर्तन के मद्देनजर मलेरिया में भी बदलाव देखे गए हैं। गौर करें तो मलेरिया प्रतिवर्ष 40 से 90 करोड़ बुखार के मामलों का कारण बनता है, वहीं इससे 10 से 30 लाख मौतें हर वर्ष होती है। इनमें से ज्यादतर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। यह बिडंबना ही कहा जाएगा कि संक्रमण रोकने के प्रयास तथा इलाज करने के प्रयासों के बावजूद 1992 के बाद इसके मामलों में अभी तक अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो मलेरिया से जुड़े आंकड़े ज्ञात आंकड़ों से कई गुना अधिक होते हैं, इसलिए कि इसके अधिकांश रोगी ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। मलेरिया के वैश्विक फैलाव पर नजर दौड़ाएं तो यह रोग भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। मलेरिया के विस्तार पर गौर करें तो सूखे क्षेत्रों में इसके प्रसार का वर्षा की मात्रा से गहरा संबंध होता है। डेंगू बुखार के बनिस्बत यह शहरों की अपेक्षा गांवों में ज्यादा फैलता है। उदाहरण के लिए वियतनाम, लाओस और कंबोडिया के नगर मलेरिया मुक्त हैं, जबकि इन देशों के गांव मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं। यहां ध्यान देना होगा कि मलेरिया सामाजिक-आर्थिक जीवन पर बुरी तरह प्रभाव डाल रहा है। यह गरीबी और आथिक विकास में अवरोध का कारण बनता जा रहा है। यह पाया गया है कि जिन क्षेत्रों में मलेरिया का ज्यादा प्रभाव है, वहां यह नकारात्मक आर्थिक प्रभाव डाल रहा है। यदि प्रति व्यक्ति जीडीपी की तुलना यदि 1995 के आधार पर करें तो मलेरिया मुक्त क्षेत्रों और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इसमें पांच गुना अंतर नजर आता है। शोध में यह पाया गया कि जिन देशों में मलेरिया फैलता है उनके जीडीपी में 1965 से 1990 के मध्य केवल प्रतिवर्ष 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मलेरिया से मुक्त देशों में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत पाई गई। मलेरिया के कारण केवल अफ्रीका में ही प्रतिवर्ष 15 अरब अमेरिकन डॉलर का नुकसान हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वात्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी नृजातीय जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती है। यहां के लोग गरीब तो हैं ही साथ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अकाल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या लोकतंत्र की यह गुजारिश कोई सुन रहा है



करवट
कुमार प्रशांत

बेचारा सर्वोच्च न्यायालय ! अब उसके या उसके उच्च न्यायालय के जज रहे 21 महानुभावों ने उसे सावधान किया है ( धमकी दी है ! ) कि उसे दवाब में डाल कर मनचाहा फैसला पाने वाला एक गिरोह काम कर रहा है जिससे उसे बचना भी चाहिए व सतर्क भी रहना चाहिए। सार यह है कि कानूनी पेशे की रोटी खाने वाले ये 21 जज सर्वोच्च न्यायालय को बता रहे हैं कि आप इतने भोले हो कि कोई भी आपको लल्लू बना लेता है। वे यह भी कहते हैं कि मी लॉर्ड, आप घबराएं नहीं, हम हर क्षण आपकी मदद के लिए तैयार हैं। जब भी आप ऐसे दवाब में टूटने लगें, बस हमें पुकार लें। इससे पहले 2 सौ से ज्यादा ऐसे ही पेशेवर न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायालय को ऐसी ही चेतावनी दी थी।

मैं जल्दी से खोजने लगा कि इन स्वनामधन्य महानुभावों के नाम क्या हैं, तो मुझे खुद पर ही शर्म आई कि ऐसे 'दिग्गजों' में से मैं किसी को भी खास नहीं जानता हूं। ये महानुभाव जिन अदालतों से जुड़े रहे, उनके पन्नों में इनमें से किसी के नाम से, एक भी ऐसा मामला दर्ज नहीं मिलता है जिसने संवैधानिकता को मजबूत बनाने जैसा कोई काम किया हो। काले कोट का पेशा तो पेशा है जो ऐसे सभी महानुभाव करते हैं लेकिन काले कोट की आभा जगाने का माद्दा अलग चीज है। वह कभी-कभी ही, किसी-किसी में मिलता है।

इन महानुभावों का इतना सारा किया जैसे काफी नहीं था कि प्रधानमंत्री ने भी सर्वोच्च न्यायालय को भरी क्लास में ( भरे-पूरे देश में ! ) मुर्गा बना दिया। बकौल प्रधानमंत्री इस देश में काला धन बनाने वाले गिरोह में अब सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल हो गया है और 'चुनावी बांड' को असंवैधानिक ठहराने के लिए देश को और सर्वोच्च न्यायालय को पछताना होगा। वे कहते हैं कि चुनावी बांड की कल्पना उनके मन में तब कौंधी थी जब वे 'बुधत्व' को उपलब्ध हुए थे। चुनावी बांड उनके मन के उसी 'पवित्र क्षण' की संतान है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए जब ऐसे ही किसी 'पवित्र क्षण' में उन्होंने फैसला कर लिया था कि उन्हें येनकेनप्रकारेण देश का प्रधानमंत्री बनना ही है, तबसे ले कर 'अबकी बार 400 पार' के नवीनतम 'पवित्र लक्ष्य' का इतिहास पलटें हम तो पता चलता है कि देश को पछताने के एक नहीं, अनेक मोदी-कारण हैं। लेकिन अभी मैं सिर्फ चुनावी बांड के 'पवित्र फैसले' की ही बात करूंगा।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि काले धन की गिरफ्त से चुनावी प्रक्रिया को मुक्त करने के 'पवित्र उद्देश्य' से चुनावी बांड की योजना लाई गई थी। मैं जानना चाहता हूं कि नोटबंदी की तरह यह भी 'मायावी साधक मोदी' की निजी उपलब्धि थी या इस बारे में जानकारों से मश्विरा भी हुआ था? स्वर्गीय अरुण जेटली के अलावा कोई ऐसा एक नाम प्रधानमंत्री ले सकते हैं जिसकी नश्वर काया अब तक हमारे बीच मौजूद है? तब के रिजर्व बैंक के गवर्नर, बैंकिग की दुनिया के दूसरे बड़े नाम, कोई अर्थशास्त्री, चुनाव आयोग के अधिकारी कौन थे कि जिनके साथ इस 'पवित्र' योजना की चर्चा-समीक्षा की गई थी? क्या संसद में कभी इस पर विमर्श हुआ? अगर यह पवित्र मन की परिकल्पना थी तो इसमें गुप्तता के इतने प्रावधान क्यों थे? दाता व आदाता का नाम किसी को पता नहीं चलना चाहिए, इसकी इतनी सावधानी क्यों थी? इस पर उस तरह नंबर क्यों डाला गया था कि जो जासूसी निगाहों से ही पढ़ा जा सकता था? गुप्त नंबर की यह तरकीब भी आपकी योजना में तो थी नहीं, बैंकों के गंभीर एतराज के बाद, लाचारी में आपके 'पवित्र मन' ने इसे छिपा कर डालना कबूल किया था! बताएं प्रधानमंत्री कि इतनी तिकड़मों के पीछे कौन-सा पवित्र मन काम कर रहा था? जो गुप्त होता है, वह पवित्र नहीं होता है।

मोदी-मार्का भ्रष्टाचार वह है जिसमें शब्दों के अर्थ ही बदल दिए जाते हैं। मोदी-सदाचार की नई परिभाषा है : सरकार जो भी करे (नहीं, मोदी-सरकार जो भी करे ! ) वह सदाचार, जो देश करे या कहे वह कदाचार! किसी जड़बुद्धि को भी हंसी आ जाए ऐसी बातें प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी कु-योजनाओं के बचाव में कहते आ रहे हैं। नोटबंदी के लिए कहा : इतने दिनों में काला धन खत्म करने के अलावा फलां-फलां बात नहीं हुई तो मुझे फांसी पर चढ़ा देना! नोटबंदी से वह सब तो कुछ होना नहीं था जिसका दावा किया गया था लेकिन फांसी की अवधि आते-न-आते सारी घोषणाएं ही बदल दी गईं। सियारमार्का मीडिया के धंधेबाज मालिक और दोनों हाथों धन समेटने में लगे कारपोरेट नई घोषणाओं को ले उड़े। ऐसा ही जीएसटी के साथ हुआ। इस शेखचिल्ली योजना की मूर्खताएं आज तक सुधारी जा रही हैं। कपड़े बदलने, ढोल-नगाड़े बजाने व गले पड़ने को विदेश-नीति समझने वाली मसखरी का दौर समाप्त हुआ तो आज यह हाल है कि हमारी विदेश-नीति में न कोई नीति बची है, न आत्मसम्मान ! नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, अफगानिस्तान, चीन से ले कर फिजी तक में हमारी किरकिरी होती है और हम कभी अमरीकी, कभी रूसी तो कभी यूरोपी हित का समर्थन कर अपने दिन निकाल रहे हैं। यूक्रेन, फलस्तीन के मामलों में हम उस मूर्ख बच्चे से नजर आते हैं जो अपना रिपोर्ट कार्ड लहराता घर लाता है बगैर यह जाने कि उसे कितने विषयों में सिफर मिला है। विदेश-नीति के निर्धारण में गलतियां पहले भी होती रही हैं लेकिन गलतियों को मास्टर-स्ट्रोक बताने की मूढ़ता इसी सरकार की देन है।


चुनावी बांड के मामले में अदालती चांटा खाने के बाद, अमित शाह मार्का छुटभैय्यों से अनाप-शनाप बयान दिलवाने के बाद अब अपने प्रायोजित इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने मुंह खोला है। वे जब भी किसी मुद्दे पर मुंह खोलते हैं, देश का मुंह खुला रह जाता है। उन्होंने कहा : अगर बांड की मेरी योजना न होती तो यह पता ही नहीं चलता कि पैसा किधर से आया और किधर गया : मनीट्रेल! प्रधानमंत्रीजी, पूछने वाला तो यह पूछेगा कि महाशय, यदि आप ही न होते तो यह बौंड ही कहां होता! पैसा कहां से आया और कहां गया, इतना ही नहीं, इस आने-जाने के पीछे सरकार ने कब, कहां व कैसे दलाली खाई, यह भी देश को पता चला तो इसलिए नहीं कि आपका बांड था बल्कि इसलिए कि सर्वोच्च न्यायालय इस बांड के पर्दाफाश के पीछे ही पड़ गया था। चुनावी बांड का रहस्य किसी स्तर पर न खुले इसके लिए जितनी तिकड़म संभव थी, सरकार ने वह सब की। भाड़े के सारे वकील साहबानों व भ्रष्ट व कायर स्टेट बैंक की नौकरशाही तक को सरकार ने मैदान में उतार दिया लेकिन न्यायालय ने कुछ भी देखने-सुनने से मना कर इस बांड योजना को बैंड ही कर दिया तो रास्ता ही नहीं बचा कि कहां सर छिपाएं, कहां पांव!

प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि चुनावी बांड की योजना के कारण चुनावी प्रक्रिया से काले धन की समाप्ति हुई। उनके अपने अर्थशास्त्रियों में से कोई एक मुझे समझा दे कि कोई धन काला होता है क्या? धन तो सारे सफेद ही होते हैं, इरादे काले-सफेद जरूर होते हैं। जब आप काले इरादे से धन छिपाते हैं तो वह काला हो जाता है, जब सरकार आपके काले इरादे वाले धन को पकड़ लेती है तथा कानूनी दंड वगैरह लगा कर उसे व्यवस्था में समाहित कर लेती है तो वही धन सफेद हो जाता है। जब सरकार अदालत में कहती है कि राजनीतिक दलों को चंदा कहां से व कितना मिला यह जानने का जनता को कोई अधिकार ही नहीं है तब वह काले इरादे से चल रही होती है। जब अमित शाह कहते हैं कि चुनावी बांड योजना से हमें कितनी रकम मिली व विपक्ष को कितनी यह मत देखिए बल्कि देखिए यह कि हमारे कितने व विपक्ष के कितने सांसद हैं, तब वे काले इरादे से बात कर रहे थे मानो डकैतों का कोई गिरोह है जो लूट में से बंटवारे पर लड़ रहा हो। लूट ही बुरी है, यह कोई नहीं कर रहा है। अब तक विपक्ष ने भी देश से कहां माफी मांगी है कि इस लूट का छोटा-बड़ा हिस्सा ले कर हमने भी पाप ही किया!

सर्वोच्च न्यायालय ने इस संवैधानिक मुकदमे की जैसी उपेक्षा की और इसे कोई 10 साल तक लटकाए रखा, वह ऐसा संवैधानिक अपराध है कि जिसकी सुनवाई के लिए भी कोई अदालत होनी चाहिए थी। संविधान निर्माताओं ने कल्पना ही नहीं की कि कभी ऐसा भी होगा कि मुकदमों की भीड़ में कोई सर्वोच्च न्यायालय यह विवेक भूल जाएगा कि वह क्यों बना है, और देश क्यों उसका बोझ ढोता है। सर्वोच्च न्यायालय की प्राथमिक भूमिका संविधान के संरक्षण की है; उसका पहला व अंतिम काम विधायिका को संविधान की मर्यादा में बांध कर रखना है। यह दायित्व ऐसा है कि जिसे संविधान की दूसरी कोई संरचना निभा नहीं सकती है। इसलिए सर्वोच्च न्यायाधीश को रोस्टर में यह विवेक करना ही चाहिए कि उसके पास मामलों का जो अंबार पड़ा है उसमें विधायिका की संवैधानिकता की जांच करने का कौन-कौन-सा मामला है। वे सारे मामले उसकी प्राथमिकता में पहले नंबर पर होने चाहिए। उसे भीड़ में एक बना देने से देश की संवैधानिक व्यवस्था भाड़ में जा रही है, यह उसे क्यों दिखाई नहीं दे रहा? उसने भी काला चश्मा तो नहीं पहन रखा है!

संवैधानिक संरचनाएं जब अपना काम मुस्तैदी से व संवैधानिक तटस्थता से करती रहती हैं तब इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है कि सरकार किसकी है और उसका एजेंडा क्या है। यदि कैग, ईडी, इंकमटैक्स, सीबीआई, चुनाव आयोग, प्रेस काउंसिल, महिला, अल्पसंख्यक व बाल आयोग, निचले स्तर से ऊपर तक की न्यायपालिका अपना-अपना काम करती तो किसी सरकार की हिम्मत नहीं होती कि वह लोकतंत्र का गला दबोच कर, अपनी मनमानी करे। लेकिन इन सबने एक नहीं, अनेक अवसरों पर संविधान को विफल कर, अपनी संवैधानिक भूमिका से धोखा किया है। अदालत ने कभी सीबीआई को 'पिंजड़े में बंद तोता' कहा था। कहा तो था लेकिन उसने ऐसा किया कुछ भी नहीं कि जिससे पिंजड़ा टूटे, तोता बाहर आ कर बाज बन जाए। वह और ऐसी तमाम संवैधानिक संरचनाएं अपनी वर्तमान की हैसियत के लिए सरकार से उपकृत और भावी के लिए सरकार पर आश्रित रहती हैं। यह कायर गुलामी लोकतंत्र के लिए घातक है। चुनावी बांड के खुलासे से एक बार वह सड़ांध खुले में आ गई है जो इस सरकार ने पिछले 10 सालों में रचा है। अगर यहीं से भारत में संवैधानिकता की शुरुआत होनी हो तो वही सही लेकिन इस लोकतंत्र की इतनी गुजारिश ज़रूर है कि चंद्रचूड़ हों कि सूर्यचूड़, सभी सुनें कि अब पीछे न लौटें। (ये लेखक के अपने विचार हैं।)


## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यो में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है।

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़ियें। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### लोक लुभावने नारों में नहीं आएगी जनता

कांग्रेस और मोदी सरकार के विरोधी दूसरे राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्र पेश किए हैं। उन्हें जनहित और देशहित कम, मोदी सरकार की नीतियों का विरोधी ज्यादा बताया जा रहा है। यह बिल्कुल माना जा सकता है कि मोदी के विरोधी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र में मोदी सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है और अगर ये सत्ता में आते हैं तो मोदी सरकार की लगभग सभी योजनाओं और नीतियों में बदलाव करेंगे, लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। प्रायः सभी दल पिछली सरकार की योजनाओं और नीतियों को बंद करते है या फिर उनमें थोड़ा-बहुत बदलाव कर उन पर अपना लेवल चिपकाने की कोशिश करते हैं।

*- सतीश रावत, राजनांदगांव*

## ट्रेंड


### शिखर सम्मेलन पर चर्चा



राजदूत उमर हिलाले मोरक्को संयुक्त राष्ट्र, और फिलिप क्रिडेल्का, बेल्जियम के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूएन के सह-सुविधाकर्ता के रूप में 2025 में विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन पर उनके कार्य पर चर्चा करके खुशी हुई।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### कर कटौती खत्म होगी



डोनाल्ड ट्रम्प को अपनी 2 ट्रिलियन डॉलर की कर कटौती पर बहुत गर्व था, जिससे सबसे बड़े निगमों को भारी लाभ हुआ और संघीय ऋण में वृद्धि हुई। वह कर कटौती समाप्त होने वाली है। अगर मैं दोबारा चुना जाता हूं, तो यह समाप्त हो जाएगा।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### केक काटकर अच्छा लगा



मेरे जन्मदिन सप्ताह की शुरुआत करने का यह कैसा तरीका है! मुझे फुटबॉल खेलने, कहानियाँ साझा करने और इन लड़कियों के साथ केक काटने में बहुत मज़ा आया, जिन्हें सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। वे मुझे शुभकामनाएं देने वाले पहले व्यक्ति थे।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### जिंदगी बदली जा सकती थी



नरेंद्र मोदी ने अपने अरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज माफ किया है। इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को 1 लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी। 16 करोड़ महिलाओं को 1 लाख रु. साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
राजस्थान की राजनीति आपकी आवाज़ के साथ
राजस्थान के सभी जिलों से खबरें एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि बनने के लिए सम्पर्क करें
7610866001
Email : hr.tniawaaz@gmail.com
नोट : अनुभवी एवं साफ छवि वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
www.rajasthankirajneeti.com
WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM
पूर्वी राजस्थान (दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई- माधोपुर, अलवर) के सभी विधानसभा स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता सम्पर्क करें
7610866001
HINDUSTAN PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING
A UNIT OF HAMARI PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING (OPC) PVT. LTD. 1ST FLOOR, 18K3, PANKAJ SINGHVI MARG, NEAR RAJ. VIDHAN SABHA, JYOTI NAGAR, JAIPUR (RAJ.) MOB.: +91 7610866001, 8946840063
E-MAIL: editor.tniawaaz@gmail.comWEB.: www.tniawaaz.in www.hpnews.in

## संक्षिप्त खबरें

### निप्पॉन लाइफ का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 73 प्रतिशत बढ़कर 343 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का अभी तक का यह सबसे अधिक मुनाफा है। कंपनी का पिछले साल समान तिमाही में शुद्ध लाभ 198 करोड़ रुपये था। निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 560.57 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में यह 388.03 करोड़ रुपये थी।

### ग्रो एमएफ को मंजूरी

नई दिल्ली। ग्रो म्यूचुअल फंड ने कहा कि उसे एनएफओ के तहत निफ्टी 'नॉन-साइक्लिकल कंज्यूमर इंडेक्स फंड' शुरू करने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने कहा कि यह देश का पहला 'नॉन-साइक्लिकल कंज्यूमर इंडेक्स फंड' होगा। एनएफओ मई के पहले हफ्ते में खुलने की उम्मीद है। यह फंड सकल प्रतिफल सूचकांक पर नजर रखने वाली एक खुली अवधि की योजना होगी। फंड का मकसद प्रतिफल देने के लिए उसी अनुपात में निफ्टी 'नॉन-साइक्लिकल कंज्यूमर इंडेक्स' (टीआरआई) की प्रतिभूतियों में निवेश करके दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि करना है।

### सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा

मुंबई। वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। विश्लेषकों ने कहा कि दूरसंचार, आईटी व प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली होने से इस तेजी पर काफी हद तक लगाम लग गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया।

### एचयूएल का लाभ घटा

नई दिल्ली। हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. (एचयूएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 1.53 प्रतिशत घटकर 2,561 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 2,601 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एचयूएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आलोच्य तिमाही में कुल आय 15,441 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 2022-23 की इसी तिमाही में 15,375 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 10,282 करोड़ रुपये रहा।

### एलएनजी अनुबंध की पेशकश

नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) से मंजूरी मिलने के बाद इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) ने अपने मंच पर छोटे पैमाने पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एसएसएलएनजी) के लिए अनुबंध जारी किए हैं। इससे राष्ट्रीय गैस ग्रिड से नहीं जुड़े क्षेत्रों में ईंधन की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। आईजीएक्स ने एक बयान में कहा, 'आईजीएक्स पर एसएसएलएनजी अनुबंधों की शुरुआत का उद्देश्य उन उद्योगों और शहरी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों की तरफ से आ रही बढती गैस मांग को पूरा करना है जिनकी पाइपलाइन नेटवर्क तक पहुंच नहीं है।'(एजेंसी)

# नीलामी प्रक्रिया के जरिए ही किया जाएगा स्पेक्ट्रम का आवंटन

■ उपग्रह, रक्षा व कुछ अन्य क्षेत्रों में बिना नीलामी प्रक्रिया के होगा आवंटन ■ स्पेक्ट्रम पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश नहीं कर रही सरकार

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। एक शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा गया था।

सूत्र ने कहा कि सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में एक अर्जी दायर कर कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी। इसमें विशिष्ट उद्देश्यों वाले क्षेत्र जैसे उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसम्बर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर की गई थी। यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नए विधेयक में 19 छूटें दी गई है।



सूत्र ने अदालत के समक्ष याचिका आने के बाद उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैसे सवाल किए जा रहे हैं। लेकिन तथ्य यह है कि दूरसंचार क्षेत्र में कई मुकदमों को देखते हुए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह आवेदन दायर किया गया था। इसमें साफ किया गया था कि सरकार क्या करना चाहती है। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को काफी राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है।

सूत्र ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी संबद्ध पक्षों से परामर्श किया गया लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था। आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हम न्यायालय के फैसले से सहमत हैं। इस बात से सहमत है कि स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा विकल्प है। लेकिन समुद्री, रक्षा और मेट्रो सुरक्षा आदि जैसे कुछ क्षेत्र है, जिनके बारे में चीजें स्पष्ट नहीं है। इसका उल्लेख संसद में पेश विधेयक में भी किया गया है। उन्होंने कहा, 'यह अदालत को सूचित करने जैसा था, इसमें किसी फैसले को बदलने को लेकर आग्रह जैसी कोई बात नहीं थी।' सूत्र ने कहा, 'यह ऐसा कुछ नहीं है जो सरकारें नियमित रूप से करती हैं। यह अदालत को साथ लेने के लिए एक गहन सोच-विचार के बाद उठाया गया कदम था क्योंकि यह एक बहुत ही विवादास्पद मुद्दा रहा है।

पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सभी संबद्ध पक्षों को शामिल करने के लिए यह आवश्यक था।' वर्ष 2007-08 में तत्कालीन सरकार ने पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर स्पेक्ट्रम आवंटन जारी रखने की घोषणा की। इसका उपयोग मोबाइल फोन के लिए आवाज और 'डेटा सिग्नल' प्रसारित करने के लिए किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जुलाई 2008 के अपने फैसले में कहा था कि इस तरह के आवंटन के लिए इस्तेमाल की गई सितम्बर 2007 की 'कट-ऑफ' तारीख अवैध थी।

# हलाल प्रमाणपत्र देने वाले सभी निकायों की मान्यता की अवधि बढ़ी

■ चार जुलाई तक रहेगी इन निकायों की मान्यता

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था। साथ ही मौजूदा निकायों को आई-सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था। डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा, 'हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई, 2024 तक बढ़ा दी गई है।'

विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है। दिशानिर्देशों के अनुसार मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किए जाते हैं। उन्हें एनएबीसीबी से मान्यता लेनी होगी। अधिसूचना के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में मवेशियों का मांस, मछली, भेड़ और बकरियों का ठंडा मांस एवं इसी प्रकार के मांस उत्पाद आदि शामिल हैं।

■ निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समयीसीमा भी 4 जुलाई हुई
■ वैश्विक हलाल मांस बाजार 2021 में 1978 अरब डालर का था
■ वर्ष 2027 तक 3908 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान

i-CAS INDIA HALAL India Conformity Assessment Scheme

देश से मांस और मांस उत्पादों के हलाल प्रमाणीकरण को सुव्यवस्थित करने के लिए भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना विकसित की गई है। वैश्विक हलाल खाद्य बाजार 2021 में 1,978 अरब डालर का था। 2027 तक यह बाजार 3,907.7 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है।

## एफएसआईबी ने एसबीआई और इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक के लिए नाम सुझाए

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक पद के लिए राणा आशुतोष कुमार सिंह के नाम की बुधवार को सिफारिश की।

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने चेन्नई स्थित इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक पद के लिए आशीष पांडे के नाम की भी सिफारिश की है। सिंह वर्तमान में एसबीआई में उप प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। पांडे वर्तमान में बैंक आफ महाराष्ट्र के कार्यकारी निदेशक के तौर पर पदस्थ हैं।

एफएसआईबी ने चयन प्रक्रिया के परिणाम की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि ब्यूरो ने 23 और 24 अप्रैल को 16 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था।

# सौ अरब डालर पर पहुंचेगा भारत-यूएई गैर तेल व्यापार

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डालर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं।



अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, 'एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब डालर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं।' अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही। दवा, रत्न व आभूषण, पर्यटन, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा, मोटर वाहन कल-पुर्जो और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के राजस्थान स्थित उद्यमों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया। यह भारतीय उद्यमों के लिए यूएई के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करने के लिए नए मार्ग तथा अवसर तलाशने के एक मंच के रूप में काम करता है।

यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है। 2023 में द्विपक्षीय व्यापार कुल मिलाकर 85 अरब अमेरिकी डालर हो गया है।

# भ्रामक विज्ञापनों को लेकर एलआईसी ने किया आगाह

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वरिष्ठ अफसरों की तस्वीर, कंपनी के ब्रांड नाम तथा प्रतीक चिन्ह का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया मंचों पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन देने में शामिल कुछ लोगों/संस्थाओं के खिलाफ लोगों को बुधवार को आगाह किया।

एलआईसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी बरतने और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है।





निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, 'यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना हमारे वरिष्ठ अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, हमारे ब्रांड नाम तथा प्रतीक चिन्ह का दुरुपयोग करके विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम ऐसी भ्रामक गतिविधियों को लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं।' नोटिस में जनता से एलआईसी के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों पर ऐसे धोखाधड़ी वाले विज्ञापनों के 'यूआरएल लिंक' की जानकारी देने को भी कहा गया।

एलआईसी ने कहा, 'हम बिना अनुमति के हमारे ब्रांड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।'

निगम ने कहा कि यह सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध हैं कि पॉलिसीधारक और आम जनता ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से गुमराह न हों।

# आईटी क्षेत्र की राजस्व वृद्धि पड़ी नरम

■ लगातार दूसरे साल इस सेक्टर की राजस्व वृद्धि में आई नरमी

**मुंबई (भाषा)।**

भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में नरमी देखी जा रही है। एक घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि यूरोप और अमेरिका में प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई है, जिसके कारण घरेलू आईटी सेवा कंपनियों का राजस्व में वृद्धि में नरमी है।



क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्र 5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस उद्योग का कुल आकार 250 अरब अमेरिकी डालर आंका गया है और यह 50 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है।

क्रिसिल के निदेशक आदित्य झावर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भी प्रौद्योगिकी खर्च में नरमी जारी रहेगी, जिससे आईटी सेवा प्रदाताओं की राजस्व वृद्धि पर असर पड़ेगा।

हालांकि, उद्योग का परिचालन लाभ मार्जिन 22-23 प्रतिशत पर स्थिर रहेगा। इसका श्रेय कर्मचारी लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन को दिया जा सकता है।

एजेंसी ने कहा कि उच्च ब्याज दरों और ग्राहक बाजारों में आर्थिक नरमी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई), खुदरा, प्रौद्योगिकी और संचार क्षेत्रों में कंपनियों के प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई।

झावर ने कहा कि बीएफएसआई और खुदरा क्षेत्रों से राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 4-5 प्रतिशत की धीमी गति से बढेगा।

## पेयू को 'पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेयू को भारतीय रिजर्व बैंक से 'पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। कंपनी ने बुधवार को यह कहा। 'पेमेंट एग्रीगेटर' एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता है, जो ग्राहकों और कारोबारियों को भुगतान को लेकर एक मंच पर लाता है। यह ग्राहकों को ऑनलाइन भुगतान करने और कारोबारियों को भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है।

आरबीआई ने 2023 में प्रोसस ग्रुप की कंपनी पेयू के 'पेमेंट एग्रीगेटर' को लेकर जमा आवेदन वापस कर दिए थे और उन्हें 120 दिनों में पुनः जमा करने को कहा था। पेयू सैद्धांतिक मंजूरी के साथ अब नये कारोबारियों को डिजिटल भुगतान सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने साथ जोड़ सकती है। पेयू के सीईओ अनिर्बान मुखर्जी ने कहा, 'यह लाइसेंस भारत में डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# औषधि निर्यात 10% बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश का औषधि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 प्रतिशत बढ़कर 27.9 अरब अमेरिकी डालर हो गया। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 25.4 अरब डालर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च माह में दवा निर्यात 12.73 प्रतिशत बढ़कर 2.8 अरब डालर हो गया।

वित्त वर्ष 2023-24 में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष पांच निर्यात बाजार अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील थे। भारत के कुल औषधि निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत से अधिक रही। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते बाजार अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। विशेषज्ञों ने कहा कि भारत का दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक 130 अरब अमेरिकी डालर से अधिक हो सकता है। बाजार के अवसरों के विस्तार तथा विदेशी बाजारों में बढ़ती मांग के दम पर यह हो पाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में कारोबार 50 अरब अमेरिकी डालर से अधिक रहा था।

भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डालर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। देश का दवा उद्योग दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग है, जो 60 चिकित्सीय श्रेणियों में 60,000 से अधिक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है।

■ वर्ष 2023-24 में 28 अरब डालर पर पहुंचा निर्यात
■ अमेरिका, ब्रिटेन नीदरलैंड, ब्राजील व द. अफ्रीका को दवाओं का निर्यात करता है भारत
■ देश के कुल औषधि निर्यात में 31 फीसद है अमेरिकी हिस्सेदारी
■ वर्ष 2030 तक 130 अरब डालर का हो सकता है दवा कारोबार
■ मात्रा के हिसाब से तीसरा व मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा दवा बाजार है भारत

# वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांग वोटर को मुफ्त सेवा देगी रैपिडो

■ कर्नाटक में मतदान के दिन कंपनी देगी यह सुविधा

**नई दिल्ली (भाषा)।** आनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली कंपनी रैपिडो ने अपनी 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल के तहत कर्नाटक में मतदान के दिन दिव्यांग तथा वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मुफ्त बाइक टैक्सी, आटो और कैब मुहैया कराने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, बेंगलुरु, मैसूरु और मंगलुरु में मतदाता 'वीओटीई एनओडब्ल्यू (वोट नाउ) कोड का इस्तेमाल करके 26 अप्रैल को मतदान केंद्रों तक मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकेंगे।

रैपिडो ने एक बयान में कहा, 'भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के सहयोग से रैपिडो बेंगलुरु में दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मुफ्त आटो तथा कैब की सवारी प्रदान करके आम चुनाव 2024 में नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।' रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा कि इस कदम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग तथा वरिष्ठ मतदाताओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए समान अवसर मिल पाए।

## रीट, इनविट ने चार साल में 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली (भाषा)।**

रियल्टी और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के निवेश साधनों रीट और इनविट ने मार्च के अंत तक पिछले चार साल में 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि इन निवेश साधनों में और अधिक निवेश आने की उम्मीद है।

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की तेज गति से वृद्धि के साथ, रीट और इनविट वैकल्पिक निवेश साधनों के रूप में उभर रहे हैं। खासकर अधिक धनी व्यक्तियों के बीच इनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। आरबीआई के अप्रैल बुलेटिन में कहा गया कि भारत ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) को देर से अपनाया, हालांकि अब इनका बाजार बढ़ रहा है।

# सियासी दलों से बेहतर सड़कें व यातायात प्रबंधन मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली (भाषा)।**

मौजूदा लोकसभा चुनाव में दावेदारी पेश कर रहे राजनीतिक दलों से देश के ज्यादातर कार मालिक सड़कों का बेहतर ढांचा खड़ा करने और यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं। एक सर्वे रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

कार मालिकों के सुपर ऐप 'पार्क प्लस' की तरफ से बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के प्रमुख शहरों के 98 प्रतिशत कार मालिकों को इस चुनाव में दावेदारी पेश कर रहे दलों से बेहतर सड़कों को प्राथमिकता देने की उम्मीद है। इसके अलावा सड़कों पर अधिक संख्या में यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती और आम लोगों के साथ उनके व्यवहार को अधिक दोस्ताना रखने की उम्मीद भी कार मालिकों को है।

वहीं, सर्वेक्षण में शामिल 83 प्रतिशत महिला कार मालिकों की इच्छा है कि यातायात प्रबंधन करने वाले दल में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या को भी बढ़ाया जाना चाहिए। पार्किंग की खाली जगह के बारे में जानकारी देने वाले ऐप पार्क प्लस ने यह रिपोर्ट चुनावी मौसम में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और चेन्नई के 50,000 से अधिक कार मालिकों के बीच कराए सर्वेक्षण के आधार पर जारी की है।



रिपोर्ट में अलग-अलग शहरों के हिसाब से कार मालिकों की प्राथमिताओं का भी जिक्र किया गया है। मसलन, दिल्ली-एनसीआर में कार मालिकों ने दोस्ताना व्यवहार वाले यातायात पुलिसकर्मियों और बेहतर सड़क ढांचे को प्राथमिकता दी है तो मुंबई में जलजमाव से निपटने और व्यस्त समय में यातायात के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया गया है।

पार्क प्लस के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित लखोटिया ने कहा, 'देश भर में किए गए इस सर्वे के जरिए हमने कार मालिकों की समस्याओं को समझने और सभी संबंधित पक्षों को एक मंच पर लाकर उनका हल निकालने की कोशिश की है।'

अंतरराष्ट्रीय सड़क संघ (आईआरएफ) के सड़क सुरक्षा दूत अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा, 'यह रिपोर्ट इस बात को रेखांकित करती है कि देश के कार मालिक बेहतर यातायात प्रबंधन, महिला यातायात कर्मियों की संख्या बढाने और यातायात पुलिस के दोस्ताना व्यवहार की अपेक्षा करते हैं।'

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली

379 रन

बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह

13 विकेट

मुंबई

# तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक से एक कदम दूर

एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी।



### 235-233 अंक से कोरिया को हराया

*भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, 'आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है। हमने अच्छी तैयारी की थी और इस बात की खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।'*



### महिला टीम के सामने इटली की चुनौती

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

### तीसरे स्थान पर रहे बोम्मदेवरा

बोम्मदेवरा ने क्वालीफिकेशन में 693 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने तरुणदीप राय द्वारा बनाए गए 689 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। शुरुआती दौर में उनका मुकाबला चेक गणराज्य के एडम ली से होगा। तरुणदीप 684 के स्कोर के साथ सातवें स्थान के साथ दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। प्रवीण जाधव 672 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहे।

### अंकिता ने किया 664 स्कोर

महिला वर्ग में अंकिता भक्त ने 664 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर क्वालीफाई किया, उसके बाद कौर भजन और पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी रहीं, जिन्होंने क्रमशः 657 और 656 का स्कोर हासिल किया। कोमलिका बारी 636 अंक के बाद क्वालिफिकेशन तालिका में 57वें स्थान पर रही। भारतीय टीम 1977 अंक के साथ कुल मिलाकर छठे स्थान पर है। रिकर्व के एकल वर्ग में शीर्ष 64 तीरंदाज मुख्य प्रतियोगिता में जगह बनाते हैं।

## खबर संक्षेप



### चाओबा देवी राष्ट्रीय कोच बनने को तैयार

**नई दिल्ली।** आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकाक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

### आस्ट्रेलिया के लिए खेलने को बेताब हैं स्टोइनिस

**चेन्नई।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया का 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय



अनुबंध नहीं मिलने के बावजूद आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बने शतक का इस्तेमाल अपने सफेद गेंद के करियर को आगामी टी20 विश्व कप से आगे बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। स्टोइनिस को आस्ट्रेलिया की 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी खेली।

### दोहा में हुई श्रीशंकर की घुटने की सर्जरी


**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के



दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर की चोटिल घुटने की दोहा में सर्जरी हुई। वह इस चोट कारण जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। पच्चीस साल की खिलाड़ी की दोहा में सर्जरी हुई। श्रीशंकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'दोहा के एस्पेटर अस्पताल में डॉ. ब्रूनो ओलोरी के नेतृत्व में सर्जरी सफल रही। इस कठिन दौर में आपके प्यार और आशीर्वाद के लिए आप सभी को धन्यवाद। मैं सर्जरी के 18 घंटे बाद ही चलने में सक्षम हूं।' डॉ. ओलोरी फ्रांस के आर्थोपेडिक सर्जन हैं।

### आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन नहीं रहे

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93



वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी। आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस आस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की। आस्ट्रेलिया के पर्थ में जन्में टोबिन आईटीएफ के पहले पूर्ण कालिक अध्यक्ष बने थे, जब उन्हें 1991 से 1999 तक दो कार्यकाल के लिए चुना गया था।

**ऋषभ बने मैन ऑफ द मैच**

***रसीख सलाम को 3 विकेट***

# पंत-अक्षर ने दिल्ली को टाइटंस पर चार रन से जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन, सात चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, आठ छक्के, पांच चौके) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है।



**दिल्ली-224/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पृथ्वी साव का नूर बो वारियर | 11 |
| जेक का नूर बो वारियर | 23 |
| अक्षर का साई सुदर्शन बो नूर | 66 |
| शाई होप का राशिद बो वारियर | 05 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 |

अतिरिक्त: 05

कुल:20 ओवर में चार विकेट पर: 224 रन

विकेट पतन: 1-35, 2-36, 3-44, 4-157

गेंदबाजी: उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

**गुजरात-220/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रिद्धिमान का अक्षर बो कुलदीप | 39 |
| शुभमन का अक्षर बो नोर्किया | 06 |
| साई सुदर्शन का अक्षर बो रसिक | 65 |
| उमरजई का फ्रेजर बो अक्षर | 01 |
| मिलर का रसिक बो मुकेश | 55 |
| शाहरूख खान का पंत बो रसिक | 08 |
| राहुल का पंत बो कुलदीप | 04 |
| राशिद खान नाबाद | 21 |
| साई किशोर बो रसिक | 13 |
| मोहित शर्मा नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08

कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 220 रन

विकेट पतन: 1-13, 2-95, 3-98, 4-121, 5-139, 6-152, 7-181, 8-206

गेंदबाजी: खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2



### बेंगलोर-हैदराबाद के बीच आज होगा मुकाबला

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरु में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है।

**खास खबर**

## नरसिंह बने डब्लूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष



**वाराणसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना। 2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गए थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गई कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे।

### भारत की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय



भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैम्पियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। मुक्केबाजों का चयन ट्रायल्स में हुए शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव हेमंत कलिता ने कहा, 'पूरे देश से कड़े प्रतिस्पर्धी ट्रायल्स के जरिए मुक्केबाजों का चयन किया गया है।

## सिफ्ट, नीरज ने जीता राइफल थ्रीपी का ओलंपिक चयन ट्रायल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज सिफ्ट कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन ओलंपिक चयन के पहले ट्रायल (ओएसटी टी1) शीर्ष पर रही जबकि पुरुष वर्ग में नीरज कुमार पहले और दूसरे दोनों ट्रायल में सबसे आगे रहे। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत को आशी चौकसे से कड़ी टक्कर मिली लेकिन 'प्रोन पोजिशन' में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 3.7 अंक के अच्छे अंतर से जीत दर्ज की।

सिफ्ट ने 466.3 का स्कोर किया जबकि आशी के नाम 462.6 अंक रहे। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 के स्कोर के तीसरे जबकि निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी में, नीरज कुमार ने 462.2 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। पेरिस कोटा धारक और



क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे स्वप्निल कुसाले (460.9) दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि ऐश्वर्य तोमर (450.5) तीसरे स्थान पर रहे। चैन सिंह (439.8) और अखिल श्योराण (429.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। इसके साथ ही पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन मुकाबले हुए।

### एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स में दीपांशु ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** दीपांशु शर्मा ने बुधवार को दुबई में 21वीं एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरुष भाला फेंक में स्वर्ण पदक हासिल किया। दीपांशु ने 70.29 मीटर की दूरी के साथ शीर्ष पुरस्कार जीता, जबकि रोहन यादव ने 70.03 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया। पुरुषों की 1500 मीटर में प्रियांशु ने तीन मिनट 50.85 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता। सुबह के सत्र में रितिक ने पुरुषों चक्का फेंक में रजत पदक जीता, जबकि प्राची अंकुश देवकर महिलाओं की 3000 मीटर में कांस्य पदक जीतने से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं। रितिक ने चक्का फेंक में 53.01 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण कतर के जिब्राइन ए. अहमत (54.80 मीटर) को मिला। सऊदी अरब के हसन मुबारक अलहसाई ने 50.41 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

## तेंदुलकर ने मनाया 51वां जन्मदिन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में नई ऊर्जा भरने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को अपना 51वां जन्मदिन मनाया। सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चला है, लेकिन अभी भी जब कभी उनकी झलक दिख जाती है तो पूरा स्टेडियम 'सचिन... सचिन'... के शोर से गूंज उठता है। भारत सहित दुनियाभर में उनके करोड़ों फैंस अपने चहेते क्रिकेटर को जन्मदिन की शुभमकामनाएं दे रहे हैं।

**शुभंकर और गगनजीत के भी जगह बनाने की संभावना**

# गोल्फर अदिति, दीक्षा पेरिस ओलंपिक में खेलने को तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो टोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग के जरिए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है।





### शीर्ष 15 स्वतः होंगे क्वालीफाई

ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 में आठ अमेरिकी गोल्फर शामिल हैं। महिला वर्ग में अदिति ने अब तक 2024 में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद शीर्ष 50 में बनी हुई हैं। शानदार फॉर्म में चल रही दीक्षा लेडीज यूरोपियन टूर पर पांच शुरुआत में तीन बार शीर्ष 10 में रही हैं और एप्सन टूर पर अपनी दो शुरुआत में 26 या इससे बेहतर स्कोर पर रहीं।

### शर्मा शीर्ष 200 में शामिल

दीक्षा ने महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 138वां स्थान हासिल कर लिया है जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अगली दो भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स हैं जो 403 और अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत 531 रैंकिंग पर काबिज हैं। भारतीय पुरुषों में शर्मा शीर्ष 200 में शामिल एकमात्र भारतीय गोल्फर हैं जो सिंगापुर क्लासिक में संयुक्त सातवें स्थान पर और दुबई डेजर्ट क्लासिक में संयुक्त 16वें स्थान पर रहे। भुल्लर का 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एशियाई टूर पर 43वां स्थान रहा लेकिन उन्होंने इंडियन टूर पर चंडीगढ़ ओपन में भी जीत हासिल की। यह भारत में चार महीनों में उनकी दूसरी जीत थी। शर्मा और भुल्लर के बाद वीर अहलावत 380 और करणदीप कोचर 434 रैंकिंग पर हैं।

## एशियन ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय भारतीय दल देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी।

प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था। टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है।



**पुरुष :** तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।

**महिला :** दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रगन्या मोहन, पूनम विश्वास।



डीआरडीओ ने तैयार की जैकेट

# जवान पहनेंगे सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले जवानों के लिए डीआरडीओ ने बड़ी सफलता पाई है। डीआरडीओ ने देश में सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह जैकेट बीआईएस गोला-बारूद के छठवें स्तर के उच्चतम खतरे से सुरक्षा प्रदान करता है।

## गोली के 6 शॉट का भी नहीं होता कोई असर

जैकेट का निर्माण

डीआरडीओ के रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, कानपुर द्वारा किया गया है। यह बुलेटप्रूफ जैकेट 7.62 X 54 आर एपीआई गोला बारूद के खिलाफ सुरक्षा मुहैया कराने में सक्षम है। डीआरडीओ की टेस्टिंग में पाया गया है कि इस जैकेट पर एक के बाद एक 6 शॉट का कोई असर नहीं होता है। खास बात ये है कि नए बुलेट प्रूफ जैकेट काफी हल्के हैं और इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे पहनने में भी सुरक्षा बलों के जवानों को आसानी रहेगी।






**बुलेट प्रूफ जैकेट किसने तैयार किया**

कुछ समय पहले ही इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ के चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नवीन सामग्री और प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल ने कतर से किए 8 समझौतों पर हस्ताक्षर



**काठमांडू।** नेपाल के दौरे पर कतर के अमीर शेख तामिम बिन हमाद अल थानी और पीएम पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के बीच 8 समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। दो दिनों के भ्रमण के दौरान कतर के अमीर बुधवार को स्वदेश लौट चुके हैं। इससे पहले मंगलवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात की, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय हितों और राजनयिक संबंधों से संबंधित मामलों पर चर्चा की थी।

### आईसीडीआरआई आपदा प्रबंधन का बना वैश्विक मंच

**नई दिल्ली** स्थित भारत मंडपम में बुधवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेसिलिएंट डिजास्टर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी. के मिश्रा ने कहा कि पिछले दशक में हमने जो निवेश किया है, उससे लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने तीन बड़े रिकमंडेशन की बात रखी। ग्लोबल साउथ की आवाज बनना सीडीआरआई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



नहीं जा सकते कोर्ट...संसद में बताया सिंधु जल संधि का सच

# पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीम ने माना... 'रावी पर भारत का है अधिकार'

*पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है कि वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए।*

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की जनता को देश के नेताओं ने हमेशा से गुमराह किया है, लेकिन ये पहली बार है, जब देश के कानून मंत्री ने देश की जनता को संसद से सच बताने की हिम्मत की है। पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि रावी नदी पर भारत का अधिकार है और हम उसके खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट नहीं जा सकते।

पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है, कि वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए।

**खास बातें**

- पीटीआई सांसद बोलीं- कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया, जो खेदजनक
- मंत्री बोले- वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न जाए

**भारत ने पाक को जाने वाला रावी नदी का पानी रोका**

भारत ने शाहपुर कंडी बैराज के पूरा होने के साथ रावी नदी से पाकिस्तान की ओर पानी का प्रवाह रोक दिया है। शाहपुर कंडी बैराज पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर स्थित है। शाहपुर कंडी बैराज से भारतीय जम्मू और कश्मीर क्षेत्र को अब 1,150 क्यूसेक पानी से लाभ होगा, जो पहले पाक को आवंटित किया था। पानी से कठुआ और सांबा जिलों की 32,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी।








### जल संधि पर हम हस्तक्षेप नहीं कर सकतेः मंत्री

दरअसल, मंगलवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में सिंधु जल संधि को लेकर सवाल पूछा गया था कि रावी नदी पर भारत की आक्रामकता को लेकर पाकिस्तान सरकार क्या कर रही है? इसपर पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच एक जल संधि है। रावी नदी पर पानी का अधिकार भारत का है और हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालत का सहारा नहीं लिया जा सकता। दोनों देशों ने 1960 में सिंधु जल संधि को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत रावी, सतलज और ब्यास नदियों के पानी पर दावा करता है।

**इमरान खान की पार्टी ने साधा निशाना**

कानून मंत्री के रावी नदी पर भारत के अधिकार को कबूलने के बाद संसद में इमरान खान की पार्टी ने शहबाज सरकार पर जमकर निशाना साधा। पाकिस्तानी संसद के निचले सदन में बोलते हुए नोटिस पेश करने वाली पीटीआई सांसद जरताज गुल ने कानून मंत्री तरार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया है, जो खेदजनक है। जिसपर गुल को जवाब देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि कानूनी मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।


**'सिंधु जल संधि' पर 1960 में किए थे हस्ताक्षर**

पाकिस्तान के कानून मंत्री ने कहा कि इस 'सिंधु जल संधि' पर 1960 में हस्ताक्षर किए गए थे, हालांकि, भारत इससे बाहर निकलना चाहता है, लेकिन आईसीजे ने दोनों देशों को इससे बाहर निकलने से रोक दिया है। उन्होंने यह भी कहा, कि हालांकि पाकिस्तान किशनगंगा पनबिजली परियोजना के मुद्दे पर सफल हुआ है।

तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति

# अरबों की डील की खुशी पर पाक को अमेरिका ने दी खुली धमकी





एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पाक दौरे में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते हुए और एक समझौता ज्ञापन साइन हुआ जिस पर अमेरिका भड़क गया है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख डिप्टी प्रवक्ता वेदांत पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान के साथ समझौते कर पाक प्रतिबंधों को न्योता दे रहा है। अमेरिका ने कहा है कि जो कोई भी ईरान के साथ व्यापारिक समझौतों पर आगे बढ़ने की सोचता है, उसे प्रतिबंधों के खतरे को लेकर भी जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में ईरान की स्थिति के कारण प्रतिबंधों से ईरान-पाक संबंध खतरे में पड़ सकते हैं। अमेरिका ने हाल ही में पाक के मिसाइल प्रोग्राम के लिए टेक्निकल सप्लाई कर रहे बेलारूस की एक कंपनी और चीन की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।

**....तो नामोनिशान मिटा देंगे**

इजराइल से जारी जंग के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजरायल को खुल कर चेतावनी दी है। इजराइल को चेतावनी देते हुए ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने कहा है कि ईरान की धरती पर किसी भी तरह के हमले से वर्तमान स्थिति में खतरनाक बदलाव आएगा। 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमला कर सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह दमिश्क वाली गलती फिर ना करे।

### सहयोग के लिए राजी हुए ईरान-पाक

पाकिस्तान और ईरान आने वाले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत हुए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते और एक समझौता ज्ञापन साइन किया। समझौते में पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य में सहयोग, नागरिक मामलों में न्यायिक सहायता और सुरक्षा मामले शामिल हैं। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए थे। इनमें चीन की तीन कंपनियां भी शामिल थीं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाए गए थे, क्योंकि ये सभी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों की प्रसारक थीं।

अमेरिका का नया कारनामाः 30 फीट तक जाती हैं लपटें

# 'थर्मोनेटर'... ये रोबोडॉग आपके एक इशारे पर उगलता है... आग ही आग

एजेंसी ⏭ ओहायो

अमेरिका के ओहायो में थ्रोफ्लेम कंपनी ने एक रोबोट कुत्ता बनाया है। नाम है थर्मोनेटर। ये सिर्फ भौंकता, दौड़ता या उछलता-कूदता नहीं है, बल्कि आपके एक इशारे पर यह आग भी उगलता है। यह दुनिया का पहला आग उगलने वाला रोबोडॉग है। यह 30 फीट लंबी आग की लपट फेंकता है। इसका इस्तेमाल आग को रोकने भी कर सकते हैं।



**ऐसे उगलता है आग**

*आग कहां फेंकनी है, इसके लिए थर्मोनेटर में लेजर मांउट किया गया है। यानी जहां या जिसे टारगेट बनाना हो, वहां पर लेजर से डॉग को गाइड करो। इसके बाद यह लेजर की दिशा में थर्मोनेटर आग की लपट फेंकने लगता है। यह डॉग खुद ही रोशनी, रेंजिंग और लिडार सिस्टम के जरिए नेविगेट करता है। इसमें लगी लेजर आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाती।*

**इसकी खासियत**

असल में थ्रोफ्लेम कंपनी अमेरिका की सबसे पुरानी फ्लेम थ्रोअर कंपनी है। यानी वो कंपनी जो ऐसे यंत्र बनाती है, जो जरूरत के मुताबिक आग फेंकने में सक्षम होते हैं। यह ड्रोन को संभालने की प्रसिद्ध तकनीक है।यूक्रेन में इसी तकनीक का इस्तेमाल रूसी सैनिकों, टैंकों और बख्तरबंद वाहनों पर किया गया था।

*लगातार हुए तीन विस्फोट*

# मणिपुर में फिर हिंसाः नगालैंड से जोड़ने वाला पुल उड़ाया



एजेंसी ⏭ कांगपोकपी

मणिपुर में बुधवार की रात में एक के बाद एक तीन धमाके हुए। ये धमाके मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक पुल को क्षतिग्रस्त करने के इरादे से किए गए थे। ये विस्फोट इम्फाल को नागालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर सापरमीना के पास हुए। यह घटना मतदान से दो दिन पहले हुई।

**इलाके किए सील**

सुरक्षा बलों ने घटनास्थल के साथ-साथ आस-पास के इलाकों को भी सील कर दिया है और अतिरिक्त पुलों पर जांच चल रही है। इंफाल पश्चिम जिले में दो युद्धरत समुदायों के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के कुछ घंटों बाद आईईडी विस्फोट हुआ। पिछले साल मई से इम्फाल घाटी स्थित मेइतीस और निकटवर्ती पहाड़ी स्थित कुकिस के बीच जातीय हिंसा हुई थी।

# एक साथ 10 टारगेट उड़ाएगा ये 'असली ब्रह्मास्त्र'




*__मास्को।__ रूसी एयर डिफेंस फोर्सेस को नया हथियार मिसाइल 'एस-500 प्रोमेटे' मिल गया है। ये हथियार दुनिया की सबसे बेहतरनी रक्षा प्रणाली है। रूस इस मिसाइल की 10 बटालियन तैनात करना चाहता है। अगर रूस अपनी सीमाओं पर इसे तैनात कर देता है, तो उसपर किसी भी तरह का हवाई हमला नामुमकिन हो जाएगा। यह किसी भी तरह के हवाई हमले को खत्म कर सकता है। सिस्टम की टारगेट रेंज 600 किमी है। यह 800 किमी दूर से अपने टारगेट को पहचान सकता है। यह मिसाइल प्रणाली एक बार में 10 टारगेट को हिट कर सकती है। इसमें लगी मिसाइलें टारगेट की तरफ 25,200 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से हमला करती है।*

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' की 77वें कान्स में होगी स्क्रीनिंग

# 2,263 फिल्मों में से चुनी गई भारतीय छात्र की बनाई फिल्म


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस के 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' को 'ला सिनेफ' प्रतिस्पर्धी खंड में चुना गया है। यह महोत्सव 15 से 24 मई 2024 तक आयोजित किया जाना है। यह अनुभाग महोत्सव का एक आधिकारिक पार्ट है, जिसका उद्देश्य नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों के फिल्मों को उजागर करना है। यह पहली बार है जब एक वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया है।

**महोत्सव 15 से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा**

**'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' महिला की कहानी**

**उद्देश्यः फिल्म के जरिए नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना**




**बुजुर्ग महिला ने मुर्गा चुराया...**

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' एक बुजुर्ग महिला की कहानी है, जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है। मुर्गे को वापस लाने के लिए एक भविष्यवाणी लागू की जाती है, जिसमें बूढ़ी महिला के परिवार को निर्वासन में भेज दिया जाता है। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने किया है।

**23 मई को मिलेगा पुरस्कार**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार यह फिल्म दुनिया भर के फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गई 18 शॉर्ट्स (14 लाइव-एक्शन और 4 एनिमेटेड फिल्में) में से एक है। यह कान्स के 'ला सिनेफ' सेक्शन में चुनी गई एकमात्र भारतीय फिल्म है। जूरी 23 मई को बुनुएल थिएटर में सम्मानित फिल्मों की स्क्रीनिंग से पहले एक समारोह में ला सिनेफ पुरस्कार सौंपेगी।

राजौरी हत्याकांडः पुलिस का बड़ा एक्शन

# हिरासत में लिए गए 67 संदिग्ध लश्कर का भी नाम शामिल

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों द्वारा एक नागरिक की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए 67 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान कई साक्ष्य प्राप्त हुए और पुलिस ने इस कृत्य को अंजाम देने में शामिल दो आतंकवादियों में से एक की पहचान 'विदेशी आतंकवादी' के रूप में की, जिसका कोड नेम अबू हमजा है। पुलिस ने हमजा पर 10 लाख रुपए का नकद इनाम घोषित किया।



**कुंडा टॉप गांव में की गई थी हत्याः** थानामंडी क्षेत्र के कुंडा टॉप गांव में सोमवार को मोहम्मद रजाक (40) की हत्या कर दी गई। रजाक सरकार के समाज कल्याण विभाग में काम करते थे जबकि उनके भाई मोहम्मद ताहिर चौधरी प्रादेशिक सेना में एक सैनिक हैं, जो बाल-बाल बच गए।

## शादी के 8 दिन बाद नव-विवाहिता की मौत



**सीकर**

शादी के 8 दिन बाद ही नव-विवाहिता सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने पति के साथ रिश्तेदार की शादी में शामिल होकर स्विफ्ट डिजायर से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में गाड़ी पेड़ से टकरा गई। पति की हालत भी गंभीर बनी हुई है। हादसा दांतारामगढ़ इलाके में आज सुबह 2 बजे हादसा हो गया। दांतारामगढ़ थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि विवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पति को गंभीर हालत में चौमूं के बराला हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि गाड़ी में मूंड घसोइ,डीडवाना-कुचामन जिले के रहने वाले पति-प%ी सोनू देवी (21) और मनीष कुमार (24) सवार थे। दोनों सीकर के चक, (खाचरियावास) में मनीष के साढू की बहन की शादी में आए थे। शादी में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। दोनों बुधवार सुबह करीब 2 बजे अपने गांव के लिए रवाना हुए थे। गांव से 3 किलोमीटर दूर चक से करड वाली रोड पर गाड़ी के आगे एक नीलगाय आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में बैलेंस बिगड़ गया और पेड़ से टकरा गई। हादसे की जानकारी पर ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गाड़ी से निकाला। युवक को चौमूं के बराला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। विवाहिता का शव परिजनों को सौंपा गया।

## सीकर से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाला गिरफ्तार, लोकेशन ट्रेस के बाद झुंझुनूं से पकड़ा गया



**सीकर**

सीकर जिले की दादिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 21 अप्रैल 2024 को श्रीचंद (43) निवासी आकवा, दादिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि श्रीचंद ने अपने महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली को चलाने के लिए धर्मेंद्र, निवासी रघुनाथपुरा को ड्राइवर रखा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली धर्मेंद्र ही चलाता था और उसके पास ही रहता था। कुछ दिन पहले श्रीचंद ने धर्मेंद्र को ट्रैक्टर-ट्रॉली वापस घर लाने के लिए कहा लेकिन उसने ट्रैक्टर चलाने से मना कर दिया। इसके बाद धर्मेंद्र ने रात के समय ट्रैक्टर-ट्राली को श्रीचंद के घर के बाहर खड़ा कर चाबी देकर चला गया। अगले दिन ट्रैक्टर-ट्राली घर के बाहर नहीं मिला। इस पर धर्मेंद्र के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने का आरोपी दादिया थाना क्षेत्र में घूम रहा है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान धर्मवीर उर्फ धर्मपाल (31) निवासी रघुनाथपुरा, झुंझुनूं के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भांजे की शादी में नाचते समय हुई मामा की मौत, मातम में बदलीं खुशियां



**झुंझुनू**

राजस्थान के झुंझुनू में भांजे की शादी में नाचते-नाचते मामा अचानक नीचे गिरे और उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। इस घटना का वीडियो अब सोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह मामला झुंझुनू जिले के नवलगढ़ उपखंड के लोछवा की ढाणी का है। जहां शादी का जश्न मातम में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, कमलेश ढाका परिवार के सदस्यों के साथ 20 अप्रैल को भांजे की शादी में भात भरने के लिए लोछवा की ढाणी गए थे। भात भर दिया था। भात भरने के बाद कमलेश चाक-पूजन के दौरान सिर पर मटकी रखकर मस्ती से नाच रहे थे। इसी दौरान उनको हार्ट अटैक आ गया और कमलेश नीचे गिर गए। इसके बाद तुरंत कमलेश को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट से मौत होने की बात बताई है। शादी में भात भरने आए मामा की अचानक मौत के बाद शादी की खुशियां गम में बदल गईं और पूरे घर में मातम छा गया।

## प्रशिक्षु एसआई सेवा से बर्खास्त, अफीम तस्करी के मामले में हो चुका है गिरफ्तार, फोन से ली थी नाकाबंदी की जानकारी

**बीकानेर**

नशीले सामान की तस्करी के मामले में अपराधियों का साथ देने के मामले में बीकानेर के पांचू थाने में तैनात तत्कालीन एसआई (प्रोबेशनर) रमेश कुमार बिश्नोई को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार भी किया गया था। बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने बताया कि रमेश कुमार बिश्नोई निवासी खारियों की ढाणी, जम्भेश्वर नगर भाखरी, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर को सेवा से बर्खास्त किया गया है। वे उप निरीक्षक (प्रोबेसनर) के रूप में रिजर्व पुलिस लाइन, बीकानेर में पदस्थापित था। 23 मार्च को थानाधिकारी पुलिस थाना पांचू रामकेश मीणा ने नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी में दो व्यक्तियों को पकड़कर उनके पास अफीम बरामद की थी। मामले में एक एफआईआर 73/2024 धारा 8/15,25 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना पांचू में दर्ज की। पुलिस थाना पांचू के स्टाफ की ओर से की जा रही नाकाबंदी की जानकारी रमेश ने टेलीफोन से ली थी।

# डोटासरा ने भाजपा प्रत्याशी मालवीया को बताया गद्दार, कांग्रेस ऐसों को सबक सिखाएगी, बांसवाड़ा-डूंगरपुर को भाजपा से करवाएंगे आजाद

**डूंगरपुर**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- जैसे आदिवासियों ने अंग्रेजों के सामने नहीं झुक कर देश को आजाद कराया। वैसे ही अब बांसवाडा-डूंगरपुर को भाजपा से आजाद करवाएंगे। उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया पर निशाना साधते हुए उन्हें गद्दार बताया। उन्होंने कहा- कांग्रेस के साथ गद्दारी करने वाले महेंद्र जीत सिंह मालवीया को सबक सिखाना है, उसे हराना है। ये कांग्रेस ने तय कर लिया है। डोटासरा बुधवार को चौरासी विधानसभा क्षेत्र के कुआं गांव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार राजकुमार रोत के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। डोटासरा ने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- अगर तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार आ गई तो न आदिवासी बचेगा, न ही देश बचेगा, न लोकतंत्र बचेगा और न ही संविधान बचेगा। भाजपा को 400 पार सीट लाकर संविधान बदलना है, वोट का अधिकार समाप्त करना है और आपका आरक्षण समाप्त करना चाहते हैं।





उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव के पहले फेज में भाजपा की हवा उड़ गई है। 102 सीटों में से भाजपा की 20 सीट भी आने वाली नहीं है। 400 सीट का ख्वाब देखने वाली भाजपा लोकसभा चुनाव में 150 के अन्दर ही सिमट कर रह जाएगी। डोटासरा ने कहा- जैसे आदिवासियों ने अंग्रेजों के सामने नहीं झुक कर देश को आजाद कराया। वैसे ही अब बांसवाडा-डूंगरपुर को भाजपा से आजाद करवाएंगे। उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीतसिंह मालवीया पर निशाना साधते हुए उन्हें गद्दार बताया। उन्होंने कहा- कांग्रेस के साथ गद्दारी करने वाले महेंद्र जीत सिंह मालवीया को सबक सिखाना है, उसे हराना है। ये कांग्रेस ने तय कर लिया है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रचार के अंतिम दिन आज बुधवार को पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा व कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। डोटासरा व प्रभारी रंधावा ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार राजकुमार रोत के समर्थन में चौरासी विधानसभा क्षेत्र के कुआ गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इंडिया गठबंधन की बांसवाडा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर प्रचार के लिए पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा व कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा चौरासी विधानसभा क्षेत्र के कुआं गांव पहुंचे। डूंगरपुर- बांसवाड़ा के कांग्रेसी नेताओं और बीएपी के नेताओं ने डोटासरा व प्रभारी रंधावा का स्वागत किया। इसके बाद दोनों ने बांसवाडा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार राजकुमार रोत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। कांग्रेस प्रभारी रंधावा, बीएपी प्रत्याशी राजकुमार रोत, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा सहित अन्य नेताओं ने भी भाजपा पर निशाना साधा।

## जागरण में युवक के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला, हनुमान जयंती पर चल रहा था कीर्तन

**कोटा**

हनुमान जयंती के जागरण में युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद खून से लथपथ युवक अचेत हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। घायल को गंभीर हालत में कोटा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामला बूंदी के कापरेन का मंगलवार रात 11:15 बजे का है। घायल के छोटे भाई रणजीत मीणा निवासी कोडक्या ने गांव के ही तेजमल गुर्जर (45) के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रणजीत मीणा ने बताया- उसका बड़ा भाई बनवारी मीणा (40) हनुमान जयंती पर आयोजित जागरण में गया था। वह मंच पर बैठा हुआ था। इसी दौरान तेजमल हाथ में कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और बनवारी के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद तेजमल फरार हो गया।



### यह था मामला

रणजीत ने बताया- 18 जून 2023 को तेजमल अपने परिवार के साथ मंदिर में धोक लगाने जा रहा था। तेजमल का परिवार बनवारी की ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार था। इस दौरान गेंडोली में बेकाबू होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। इसमें तेजमल की प%ी संजू और गोबरी लाल की मौत हो गई थी। तेजमल का कहना था कि एक्सीडेंट जानबूझकर किया गया है। ऐसे में तेजमल रंजिश रखता था और जानलेवा हमला किया। बनवारी की भाभी अनिता कोडक्या गांव की सरपंच है।

### डीएसपी बोले- आरोपी की तलाश जारी है

केशोरायपाटन डीएसपी आशीष भार्गव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। आरोपी फरार है, उसको पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। बनवारी का इलाज कर रहे सुधा अस्पताल के डॉ. कपिल जैन ने बताया- उसके 12 से 15 सेंटीमीटर लंबा कट आया है। इसमें 15 टांके लगाए गए हैं। कुल्हाड़ी सिर की हड्डी को चीरते हुए नसों तक पहुंच गई थी। अभी उसकी स्थिति गंभीर है।

## उदयपुर में दिनदहाड़े मार्बल व्यवसायी पर जानलेवा हमला, कार को टक्कर मारकर डंडे सरियों से मारा

**उदयपुर**

उदयपुर मार्बल प्रोसेसर एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सुराणा पर बुधवार को कुछ बदमाशों ने दिनदहाड़े हमला कर दिया। उनके शरीर पर चोट लगी है। आस-पास लोगों की मदद से उन्हें तुरंत निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना सुखेर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब एक बजे की है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश या जमीनी विवाद बताया जा रहा है। पुलिस परिजनों सहित अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना स्थल के के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल जा रहे है। जानकारी अनुसार भुवाणा-नाथद्वारा रोड पर पेट्रोल पंप के पास कार सवार कुछ अज्ञात बदमाश आए और कपिल सुराणा की कार को टक्कर मार दी। कपिल सुराणा ने कार रोकी तो बदमाश अपनी कार से उतरे और सरिए व डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। आस-पास के लोग दौड़कर आए। इतने में बदमाश कार में सवार होकर भाग गए। राहगीरों की मदद से घायल सुराणा को भुवाणा के एक निजी पारस हॉस्पिटल



में भर्ती कराया गया। उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है। सूचना पर सुखेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। घटना के बाद मा?र्बल व्यवसा?यियों की मौके पर भीड़ जमा हो गई और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## 10 महीने बाद फिर सरहद पर पकड़ा गया मानसिक रोगी

**जैसलमेर**

जैसलमेर से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। जब पकड़ा तब बीएसएफ के जवान चौंक गए, क्योंकि यही युवक 10 महीने पहले इसी इलाके में पकड़ा गया था। तब पुलिस ने इसको इसके घर छत्तीसगढ़ भेज दिया था। एक बार फिर इस युवक का सरहदी इलाके में पकड़ा जाना सुरक्षा एजेंसियों के लिए सवालिया निशान बन गया है। सीमा सुरक्षा बल पकड़े गए युवक रविदास उर्फ पिंटू से पूछताछ कर रही है। पकड़ा गया युवक पागलों जैसी हरकतें कर रहा है। दस महीने बाद एक बार फिर सरहद पर पकड़े जाने को लेकर सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से देख रही हैं। गौरतलब है कि मंगलवार देर शाम सीमा सुरक्षा बल ने भारत-पाक सीमा के पास घोटारू इलाके में एक युवक को घूमते हुए पकड़ा। युवक का नाम रविदास है और वो छत्तीसगढ़ का निवासी है। युवक के पास से कुछ भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन सरहद के प्रतिबंधित इलाके में घूमते पाए जाने पर युवक से यहां तक आने का कारण पता किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान सरहद के घोटारू इलाके में जून 2023 में इसी युवक को घूमते हुए सीमा सुरक्षा बल की 173 बटालियन के जवानों



ने पकड़ा था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पिंटू रविदास निवासी छत्तीसगढ़ बताया था। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पूछताछ के बाद युवक को रामगढ़ पुलिस के हवाले किया था। रामगढ़ पुलिस ने संदिग्ध लग रहे युवक को संयुक्त जांच कमेटी (जेआईसी) को सौंपा था। सभी सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ के बाद इसको पागल समझ पुलिस को सौंपा था। पुलिस ने इसके परिजनों की तलाश कर इसे घर भेजा था। यही युवक 10 महीने बाद दुबारा इसी प्रतिबंधित इलाके में कैसे पहुंचा इसको लेकर पूछताछ लगातार जारी है।

## अर्जुनराम मेघवाल बोले- राम हमारे रोम-रोम में, जयराम रमेश के मोदी को विष गुरु बताने पर कहा- दिल्ली में मिलते तो पीएम की तारीफ करते

**उदयपुर**



बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम डेवलपमेंट और गुड गवर्नेंस की बात करते हैं। कांग्रेस ने भी तो यहां राज किया है। वो गैस कनेक्शन क्यों नहीं दे पाए? वो शौचालय क्यों नहीं बनवा पाए? मेघवाल आज उदयपुर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं कानून मंत्री होने के नाते कह रहा हूं कि कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को नकारा है। राम हमारे रोम-रोम में हैं। राम हमारी प्रेरणा हैं। एक सवाल के जवाब में मेघवाल ने कहा कि 400 पार के नारे पर संविधान में बदलाव की बात करना गलत है, वे बोले कि संविधान दिवस मनाने की शुरूआत मोदी ने की है। संविधान को नमन मोदी ने किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वगुरु की बजाय विष गुरु बताने पर मेघवाल ने कहा कि विपक्ष ने पचास बार से ज्यादा मोदी को ?गालियां दी है। जयराम रमेश यहां उदयपुर में कुछ बोलकर गए लेकिन मुझे जब भी दिल्ली में राज्यसभा में मिलते तो मोदी की तारीफ करते है, वे इतना तक कहते है कि हमारे नेता निर्णय नहीं ले पा रहे है।

### कांग्रेस के चेहरें तक नहीं दिखे मतदान के दिन

पहले चरण के राजस्थान में हुए मतदान के बाद कांग्रेस के सभी सीटें जीतने के दावे के सवाल पर मेघवाल ने कहा कि मै अपने लोकसभा क्षेत्र बीकानेर में प्रत्याशी के तौर पर मतदान के दिन बूथ पर गया तो आश्चर्य हुआ कि कांग्रेस के टेबल पर कार्यकर्ता नहीं थे, अंदर एजेंट नहीं थे। मतलब यह कहना चाहता हूं कांग्रेसजनों में उत्साह ही खत्म हो गया।

### कांग्रेस जनता को बांटना चाहती

उन्होंने कहा कि 2006 में नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि इस देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों विशेषकर मुस्लिमों का है। देश को लूटने का इरादा रखने वाली कांग्रेस उसी सोच के तहत जनता की संपत्ति का सर्वे करवाकर विशेष वर्ग के बीच बांटना चाहती है। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत ने अपनी बात रखते हुए अपना संकल्प दोहराया तो जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने स्वागत किया।

## भीलवाड़ा में बाइक सवार दो लोगों को रौंदकर कार पलटी

**भीलवाड़ा**

गांव में हुई एक मौत पर आयोजित तेरहवीं के कार्यक्रम में बाइक से जा रहे दो लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान कार भी पलटी खा गई। मामला जहाजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलूंद गौदान का बाड़ा के बीच का है। पुलिस ने बताया कि दोनों मृतक आपस में रिश्तेदार थे। एएसआई भागचंद वैष्णव ने बताया- अमरगढ़ गांव में एक मृत्यु के तेरहवें की बैठक में जा रहे बाइक सवार लादू राम गोस्वामी(66) पिता मोहन बन निवासी बोगला केकड़ी और तेजू गोस्वामी(58) पिता काना राम निवासी प्रतापपुरा सरवाड़ को पीपलूंद के गौदान का बाड़ा के बीच एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार भी पलट गई। पुलिस ने बताया- दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई?। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और कार्यक्रम में शामिल होने अमरगढ़ एक साथ ही जा रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के परिजनों को सूचित किया। इस दौरान शवों का पोस्टमॉर्टम कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया।

## गर्मी में सरकारी- प्राइवेट स्कूलों में यूनिफॉर्म पहनने से छूट, लंच बेल की तरह बजेगी पानी पीने की घंटी

### शिक्षा विभाग ने जारी की गाइड लाइन

**बीकानेर**

राजस्थान के सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों को गर्मी में यूनिफॉर्म पहनने से छूट मिली है। असेम्बली भी खुले मैदान के बजाय कवर्ड एरिया में करवाई जाएगी। इसके अलावा आंध्रप्रदेश की तर्ज पर लंच बेल की तरह पानी पीने की भी घंटी बजेगी ताकि स्टूडेंट बार-बार पानी पी सकें। प्रदेश के कई जिलों में गर्मी का प्रकोप बढ़ने और आने वाले दिनों में हीट वेव की आशंका को देखते हुए शिक्षा विभाग ने बुधवार को चार पेज की गाइड लाइन जारी की है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी की ओर से जारी सर्कुलर में बच्चों पर पूरा बैग लाने की बाध्यता समाप्त करने के साथ ही स्कूल में



हवा-पानी की भी माकूल व्यवस्था रखने का आदेश दिया गया हैं।

### यूनीफॉर्म से भी छूट दी

सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में गर्मी में यूनिफॉर्म से छूट देने के लिए कहा गया है। यूनिफॉर्म की जगह बच्चे हल्के, हल्के रंग के ढीले, सूती कपड़े पहनें। अपने सिर को कपड़े, टोपी या गमछे आदि से ढकें। यहां तक कि टाई लगाने के लिए भी स्कूलों की ओर से बाध्य नहीं किया जा सकता। अगर स्टूडेंट को गर्मी में टाई लगाने से परेशानी होती है तो स्कूल प्रबंधन छूट दे सकता है।

### वाटर बेल बजानी होगी

सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में लंच बेल की तरह वाटर बेल बजानी होगी। शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को आदेश नहीं बल्कि सलाह दी है कि वे हर रोज कम से कम तीन बार वाटर बेल जा सकते हैं ताकि बच्चे पानी पी सकें। टीचर भी हर पीरियड में स्टूडेंट्स को अपनी बोतल से पानी पीने की सलाह देंगे। घर जाने से पहले स्टूडेंट्स को अपनी बोतल फिर से पानी से भरनी होगी ताकि रास्ते में दिक्कत न हो। शिक्षा विभाग ने स्टूडेंट्स को सलाह दी है कि वे भीड़ वाले सार्वजनिक परिवहन से बचें और धूप में कम से कम निकलें। स्कूल बस और वैन के साथ ही स्टूडेंट्स की साइकिल आदि को छायादार क्षेत्र में पार्क करवाया जाये।

### टोपी और गमछा पहने रहे बच्चे

गर्मी के दौरान शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराना होगा। लू से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीने के महत्व के बारे में बताया जाएगा और नियमित अंतराल पर पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी जाएगी। स्टूडेंट्स को पानी की बोतल, टोपी और गमछा स्वयं लेकर आना होगा और इनका उपयोग भी करना होगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।